कोटा, शनिवार
15 फरवरी, 2025
फाल्गुन कृष्ण तृतीया, संवत् 2081
पृष्ठ: 8, मूल्य : 2 रुपए
नगर संस्करण
jannayakkota@gmail.com

# जननायक

वर्षः 46, अंकः 318, रजिस्ट्रेशन : 30949/73 | डाक पंजीयनः कोटा/310/2025-27 | https://jannayaknews.in/ | कोटा, जयपुर, चित्तौड़गढ़ से प्रकाशित

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन यूके नाइटहुड से सम्मानित

**नई दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को ब्रिटेन व भारत के व्यापारिक संबंधों में योगदान व सेवाओं के लिए ब्रिटेन के सबसे उत्कृष्ट ऑर्डर (सिविल डिवीजन) सम्मानित किया गया। टाटा समूह ने बयान में कहा हमारे चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को ब्रिटेन-भारत व्यापार संबंधों में योगदान के लिए चार्ल्स द्वारा मानद नाइटहुड प्राप्त करने पर बधाई। इस सम्मान को नाइटहुड 'मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर' के नाम से भी जाना जाता है। ब्रिटिश सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। इस पुरस्कार पर समूह के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने सम्मान प्राप्त करने के बाद किंग चार्ल्स तृतीय को धन्यवाद दिया।

### सीआरपीएफ कैंप में जवान ने साथियों पर चलाई गोली तीन की मौत, आठ घायल

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट के लामसांग स्थित सीआरपीएफ कैंप में गुरुवार रात एक जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। घटना में दो जवानों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। बाद में आरोपित जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सभी जवान एफ-120 कंपनी सीआरपीएफ के थे। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है और गोलीबारी के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### भारत-बांग्लादेश पर सीमा संबंधित विषयों पर अगले हफ्ते होगी बातचीत

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के बीच वर्ष में दो बार होने वाली महानिदेशक स्तर की बैठक नई दिल्ली में 17 से 20 फरवरी के बीच बीएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में होने जा रही है। इसमें सीमा पर फेंसिंग और बीएसएफ कर्मियों पर हमले जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्ता पलट के बाद से यह पहली बैठक है। बीएसएफ की ओर से जारी एक वक्तव्य के अनुसार 55वां महानिदेशक स्तर का सीमा समन्वय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित होगा।

## एक नजर




# डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-अमेरिका संबंधों को संजोया और जीवंत बनाया : मोदी

## भारत को अमेरिका देगा अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान, तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को भी मिली मंजूरी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व में संजोने के साथ जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, जिस उत्साह से उनके पहले टर्म में हमने मिलकर काम किया, वही उमंग, वही उर्जा और वही प्रतिबद्धता मैंने आज भी महसूस की। आज की चर्चा के केंद्र में उनके पहले टर्म में हमारी उपलब्धियों का संतोष व गहरे आपसी विश्वास का सेतु था। साथ ही नए लक्ष्यों को प्राप्त करने का संकल्प भी था। हम मानते हैं भारत अमेरिका का साथ और सहयोग एक बेहतर विश्व को आकार दे सकता है।

वाशिंगटन डीसी में भारत और अमेरिका संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा मैं सबसे पहले अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप का शानदार स्वागत व आतिथ्य सत्कार के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत व अमेरिका के संबंधों को अपने नेतृत्व से संजोया और उन्हें जीवंत बनाया है। अमेरिका के लोग राष्ट्रपति ट्रंप के मोटो, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन से परिचित हैं। भारत के लोग भी विरासत व विकास की पटरी पर विकसित भारत 2047 के दृढ़ संकल्प को लेकर तेज गति शक्ति से विकास की ओर अग्रसर हैं। अमेरिका की भाषा में कहूं तो विकसित भारत का मतलब मेक इंडिया ग्रेट अगेन है। उन्होंने कहा कि आज हमने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना से भी अधिक बढ़ाकर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। हमारी टीमें एक पारस्परिक लाभकारी ट्रेड एग्रीमेंट को शीघ्र संपन्न करने पर काम करेंगी। भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में हम ऑयल व गैस ट्रेड को बल देंगे। ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ट्रंप, आपकी मित्रता व भारत के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता के लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। भारत के लोग तो 2020 की आपकी यात्रा को आज भी याद करते हैं और उम्मीद करते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप एक बार फिर उनके पास आएंगे। एक सौ चालीस करोड़ भारतवासियों की ओर से मैं आपको भारत आने के लिए आमंत्रित करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।



राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ संवाददाता सम्मेलन में ऐलान किया। उन्होंने कहा अमेरिका ने भारत को अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान बेचने का फैसला किया है। इसका मकसद भारत को अत्याधुनिक स्टील्थ विमानों वाले देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल करना है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस साल अमेरिका भारत में सैन्य बिक्री को कई अरब डॉलर तक पहुंचाएगा। ट्रंप ने कहा कि भारत में अमेरिका तेजी के साथ सैन्य व्यापार बढ़ाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी इस बात की है ट्रंप हमेशा राष्ट्रीय हित को सर्वोच्च स्थान पर रखते हैं। राष्ट्रपति की तरह वह भी अपने देश के हितों को सबसे ऊपर रखते हैं। भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके पहले कार्यकाल के दौरान हमारे संबंध प्रगाढ़ रहे। अब हम उसी बंधन, समान विश्वास और समान उत्साह के साथ और तेजी से आगे बढ़ेंगे।

### प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा की उपलब्धियां

- व्यापार व प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा और दोनों देशों के नागरिकों के मध्य संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता।
- अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति करेगा अमेरिका। भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान मिलने का मार्ग प्रशस्त।
- दोनों देशों में ऊर्जा समझौता। भारत में अमेरिका तेल व गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनेगा।
- भारत और अमेरिका कट्टरपंथी इस्लामी आतंक के खतरे का मिलकर मुकाबला करेंगे।
- अमेरिका मुंबई (26/11) हमले में शामिल तहव्वुर राणा को भारत को सौंपेगा। प्रत्यर्पण को मिली मंजूरी।
- दोनों देश महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर मिलकर काम करेंगे।
- जल्द ही बड़े व्यापार सौदों की घोषणा संभव।

# महाकुंभ में सनातन धर्म का विराट दर्शन श्रद्धालुओं की संख्या '50 करोड़' पार



### दुनिया का पहला आयोजन जहां 50 करोड़ से अधिक लोग बने प्रत्यक्ष सहभागी

**महाकुम्भ नगर।** तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहा दिव्य-भव्य धार्मिक, सांस्कृतिक समागम 'महाकुंभ 2025' अब इतिहास रच चुका है। यहां अब तक 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम की है। 50 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मानव इतिहास की अबतक की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। इस विराट समागम का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में केवल भारत और चीन की जनसंख्या ही यहां आने वाले लोगों की संख्या से अधिक है। सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मुग्ध कर दिया है।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों व गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी सीएम योगी ने उम्मीद जताई थी। उन्होंने 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। बता दें उनका यह आंकलन बीते 11 फरवरी को सच साबित हो गया था। वहीं शुक्रवार (14 फरवरी) को यह संख्या 50 करोड़ के ऊपर पहुंच चुका है। अभी महाकुम्भ में 12 दिन और एक महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष है। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की यह संख्या 55 से 60 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

# राजस्थान हाईकोर्ट को मिले एक और जज, वकील कोटे से मनीष शर्मा की न्यायाधीश पद पर नियुक्ति

**जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट को एक और न्यायाधीश मिल गए हैं। वकील कोटे से एडवोकेट मनीष शर्मा के हाईकोर्ट जज के नियुक्ति वारंट शुक्रवार को जारी हो गया है। राष्ट्रपति भवन से वारंट जारी होने के बाद विधि मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी हैं।

मनीष शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बैंच में प्रैक्टिस करते हैं। हाईकोर्ट कॉलेजियम के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने भी उनके नाम की सिफारिश की थी। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनकी नियुक्ति की। वहीं इस साल 3 जज रिटायर होने वाले हैं। बताया जा रहा है कि मनीष शर्मा सोमवार को शपथ भी ले सकते हैं। एडवोकेट मनीष शर्मा के नाम की सिफारिश साल 2021 में हुई थी। लेकिन, लंबे समय से केन्द्र में इनका नाम अटका हुआ था। अब केन्द्र सरकार से इनके नाम की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रपति भवन ने इनके नियुक्ति वारंट जारी किए हैं। मनीष शर्मा ने वर्ष 1993 से वकालत में है। इनकी प्रेक्टिस सेशन कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट में रही हैं।



एडवोकेट मनीष शर्मा

### 22 दिन पहले तीन नए जज मिले

करीब 22 दिन पहले राजस्थान हाईकोर्ट को न्यायिक कोटे से तीन न्यायाधीश जस्टिस चंद्रशेखर शर्मा, जस्टिस प्रमिल कुमार माथुर और जस्टिस चंद्रप्रकाश श्रीमाली मिले थे। तीनों 1992 बैच के न्यायिक अधिकारी हैं। अब एक और जज मिलने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो जाएगी। लेकिन यह अभी भी स्वीकृत पदों के मुकाबले 16 कम हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने करीब डेढ़ महीने पहले राजस्थान के तीन न्यायिक अधिकारियों के नामों की सिफारिश की थी। जिसके बाद राष्ट्रपति ने इन तीनों के नियुक्ति वारंट जारी किए थे।

### इस साल तीन न्यायाधीश होंगे रिटायर

मनीष शर्मा के हाईकोर्ट न्यायाधीश पद की शपथ लेने के साथ हाईकोर्ट में जजों की संख्या 34 हो जाएगी। लेकिन उसके बाद भी स्वीकृत संख्या 50 में 16 जज कम रहेंगे। इसके अलावा इस साल 3 जज रिटायर भी हो रहे हैं। इनमें मई में जस्टिस बीरेंद्र कुमार, सिंतबर में जस्टिस नरेंद्र ढड्ढा और नवंबर में जस्टिस मनोज कुमार गर्ग रिटायर हो जाएंगे। ऐसे में हाईकोर्ट में जजों की संख्या घटकर 31 ही रहने वाली है। हालांकि इस साल में वकील कोटे से हाईकोर्ट को कुछ नए जज और मिल सकते हैं।

### अमेरिका से आने वाली फ्लाइट को अमृतसर की बजाए दिल्ली में उतारें : मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीएम भगवंत मान ने अमेरिका से भारतीयों को लेकर आ रहे दूसरे जहाज से पहले केंद्र सरकार के विरूद्ध मोर्चा खोल दिया है। मान ने अमेरिका से आने वाली फ्लाइट को अमृतसर में उतारने की बजाए दिल्ली या हिंडन में उतारने की मांग की है। अमेरिका से दूसरी फ्लाइट शनिवार को भारत पहुंच रही है। उन्होंने अमेरिका से आने वाली फ्लाइट का रूट बदलने की मांग करते हुए कहा कि पहली फ्लाइट पांच फरवरी को अमृतसर में उतारी गई थी। अब दूसरी फ्लाइट को साजिश के तहत अमृतसर भेजा जा रहा है। मान ने विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए कहा केंद्र सरकार बताए अमेरिका से आने वाली फ्लाइट के लिए अमृतसर को किस आधार पर चुना गया है। मान ने कहा कि वह शनिवार को खुद अमृतसर हवाई अड्डे पर मौजूद रहेंगे।

# चार किलो अफीम के साथ गिरफ्तार वृद्ध ने हिरासत में लगाई फांसी

**जननायक/चित्तौड़गढ़।** नारकोटिक्स विभाग द्वारा तीन दिन पूर्व चार किलो अफीम के साथ गिरफ्तार वृद्ध रिमांड अवधि के दौरान शुक्रवार दोपहर शौचालय में जूते की लेस से फांसी का फंदा बना कर लटक गया, जिसकी जानकारी मिलने पर नारकोटिक्स के अधिकारी उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नारकोटिक्स टीम ने 10 फरवरी को चित्तौड़गढ़-कोटा हाईवे पर बस्सी के पास नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार कैलाश धाकड़ के कब्जे से 4 किलो अफीम जब्त कर उसे एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8/15 के तहत गिरफ्तार किया था। जिसे न्यायालय में पेशकर अवैध अफीम के संबंध में विस्तृत अनुसंधान के लिए रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान शुक्रवार दोपहर वह शौचालय गया, जहां से काफी देर उसके बाहर नहीं निकलने पर दरवाजा तोड़ कर देखने पर वह जूते की लेस से लटका मिला। जिसे देखकर अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। उसे फंदे से उतार कर तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी व कोतवाली पुलिस का भी सूचित किया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों के पहुंचने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।



# किरोड़ीलाल के तेवर नरम : कहा, समरावता आंदोलनकारी बैनर में मेरा फोटो न लगाएं

### किरोड़ी बोले- मैं सरकार का हिस्सा हूं, इससे मुझे समस्या हो सकती है

**जयपुर।** फोन टैपिंग विवाद पर भाजपा के नोटिस का जवाब देने के बाद कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के तेवर नरम पड़े हैं। अब समरावता मामले में अपनी फोटो के इस्तेमाल से भी उन्होंने मना कर दिया है।

कृषि मंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर साफ कर दिया कि उनकी फोटो का इस्तेमाल न किया जाए। किरोड़ीलाल मीणा ने लिखा-'मैं जनता के सहयोग के लिए 3 बार समरावता गया। जेल में आंदोलनकारियों से भी मिला। अब आंदोलनकारी विधानसभा का घेराव करने वाले हैं।' किरोड़ी ने आगे लिखा कृपया इससे जुड़े बैनर व पोस्टरों में मेरे फोटो व पुराने वीडियो आदि का उपयोग नहीं करें। मैं सरकार का हिस्सा हूं। इससे मुझे समस्या खड़ी हो सकती है। उल्लेखनीय है कि समरावता के ग्रामीण और जेल में बंद नरेश मीणा के समर्थक विधानसभा घेराव की तैयारी कर रहे हैं। घेराव के बैनर और पोस्टर में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की फोटो लगाई जा रही थी।



अब समरावता के ग्रामीण और नरेश मीणा समर्थक विधानसभा घेराव की चेतावनी दे रहे हैं। मंत्री रहते हुए किरोड़ी के फोटो आंदोलन में समर्थक के तौर पर इस्तेमाल होने से सियासी तौर पर बीजेपी और सरकार के लिए असहज स्थिति होती। किरोड़ी खुद भी नहीं चाहते नोटिस के जवाब के बाद उन पर अपनी ही सरकार के खिलाफ आंदोलन करने वालों के समर्थक का ठप्पा लगे। इसलिए उन्होंने बैनर पोस्टरों से खुद का फोटो हटाने का आग्रह सार्वजनिक रूप से किया। समरावता हिंसा के मामले में किरोड़ी से ग्रामीण कई बार जयपुर आकर मिले थे। जेल में नरेश मीणा से मुलाकात की थी।

### अश्लील टिप्पणी मामले में यूट्यूबर रणवीर ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख

**नई दिल्ली।** अश्लील टिप्पणी के चलते कई राज्यों में एफआईआर दर्ज होने का सामना कर रहे यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। रणवीर की ओर से वकील ने चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच के सामने मेंशन करते हुए गिरफ्तारी की आशंका जताते हुए तत्काल सुनवाई की मांग की। सीजेआई ने यह मांग ठुकराते हुए कहा सुनवाई की तारीख पहले ही तय कर दी है। वकील ने कहा कि कई राज्यों में रणवीर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई व गुवाहाटी पुलिस ने उन्हें आज पूछताछ के लिए बुलाया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि वे तत्काल लिस्टिंग के लिए मेंशनिंग की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

# मणिपुर में मैतेई राष्ट्रपति शासन के खिलाफ, कुकी का समर्थन




**इंफाल**

21 महीने से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के फैसले का मैतेई समुदाय ने विरोध किया है। वहीं कुकी समुदाय के लोग केंद्र सरकार के फैसले से खुश हैं। मैतेई समुदाय का कहना है कि एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में जल्द किसी सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला ठीक नहीं है। कुकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ ने कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला सही है। ष्टरूबदलने से कुछ नहीं होता। फोरम कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की भी मांग कर रहा है।

वहीं, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि, विधानसभा अभी भी निलंबित अवस्था में है। कुछ समय बाद हालात को देखते हुए सदन चलाने पर विचार हो सकता है।

# निरी का शोध : गंगा जल में है स्वशुद्धीकरण की अद्वितीय क्षमता

## 'निरी' ने किया गोमुख से गंगासागर तक शोध : जल में उच्च ऑक्सीजन सामग्री, तटों की वनस्पति और उसका तलछट है स्वशुद्धीकरण के कारक

**नागपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान प्रतिदिन करोड़ों लोग पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान कर रहे हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर जल प्रदूषण, जल गुणवत्ता के मुद्दे पर खूब चर्चाएं हो रही हैं, लेकिन राष्ट्रीय पर्यावरण प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (निरी) के शोध से गंगा के पानी में स्वयं शुद्ध करने वाला गुण होने प्रमाण मिला है। यही गुण गंगाजल की शुद्धता को बनाए रखता है। 'निरी' ने इस संबंध में एक रिपोर्ट महाकुंभ से पहले दिसंबर 2024 में केंद्र सरकार को सौंप दी थी।

दरअसल 'निरी' की एक विशेष टीम पिछले 12 वर्ष से गोमुख और गंगासागर के बीच गंगा जल का अध्ययन कर रही है। इस शोध में पाया गया कि गंगाजल में कुछ विशेष गुणों के कारण स्वयं को शुद्ध रखने की क्षमता है। यदि गंगा जल को निरंतर बहने दिया जाए तो गंगा जल में मौजूद उच्च ऑक्सीजन सामग्री, तटों पर मौजूद वनस्पतियों से प्राप्त जल में घुलनशील टेरपीन, विशेष बैक्टीरियोफेज और गंगा के तल में मौजूद तलछट, इसके प्रवाह को कुछ ही किलोमीटर के भीतर गंगा जल को पुनः शुद्ध कर देते हैं। इस संबंध में निरी ने अपनी एक रिपोर्ट दिसंबर 2024 में ही केन्द्र सरकार को सौंप दी थी।

इस बारे में निरी की शोध टीम के प्रमुख डॉ. कृष्णा खैरनार ने बताया गंगा का पानी अन्य नदियों की तुलना में स्वच्छ होने के 4 मुख्य कारण हैं। पहला कारण यह है कि गंगा के पानी में घुली ऑक्सीजन अन्य नदियों की तुलना में बहुत अधिक है। गंगा नदी हिमालय के ऊंचाई वाले, अत्यंत कम तापमान वाले क्षेत्र से होकर बहती है। अत्यंत कम तापमान के कारण गंगा जल में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है, नतीजतन गंगा का पानी शुद्ध रहता है। उन्होंने बताया कि दूसरा कारण यह है गंगा के किनारे के प्राकृतिक पौधे और पेड़ बड़ी मात्रा में 'टरपेन्स' उत्सर्जित करते हैं और यही टरपेन्स गंगा के पानी को शुद्ध रखते हैं। तीसरा महत्वपूर्ण कारण यह है कि गंगाजल में मौजूद 'बैक्टीरियोफेज' बैक्टीरिया का प्राकृतिक दुश्मन है और यह गंगाजल को बैक्टीरिया से मुक्त रखकर उसे शुद्ध करता है। डॉ खैरनार ने बताया कि गंगाजल की शुद्धता का एक और कारण यह कि गंगा नदी के तल में मौजूद अति सूक्ष्म पत्थर, कंकड़ और कण (तलछट) बहते गंगा जल को शुद्ध करने के लिए छलनी की तरह काम करते हैं। जब गंगा का पानी बहता रहती है तो तलछट उसके पानी के वेग के साथ गतिमान रहती है और गंगा जल को शुद्ध करती है। उन्होंने बताया कि जहां गंगा के प्रवाह की गति कम हो जाती है, वहां तल पर मौजूद पत्थरों, कंकड़ों और तलछटों की गंगा के पानी को शुद्ध करने की क्षमता कम हो जाती है। इन सभी गुणों के कारण यद्यपि गंगा का जल मानवीय उपयोग व विभिन्न मानवी गतिविधियों के कारण प्रदूषित हो जाता है तथापि गंगा जल में थोड़ी दूर तक प्रवाहित होने वाले घुले हुए ऑक्सीजन, टेरपीन, बैक्टीरियोफेज और तलछट के कारण यह कुछ हद तक स्वयं शुद्ध हो जाता है। टीम ने गंगा के साथ-साथ यमुना और नर्मदा के जल पर इसी प्रकार का अध्ययन किया है, लेकिन स्व-शुद्धिकरण के जो गुण गंगा में हैं, वह यमुना व नर्मदा में नहीं दिखाई दिए।



राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को लिखित दलीलें दाखिल करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग पर सुनवाई करते हुए सभी पक्षों को अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अंतिम सुनवाई 21 अप्रैल से शुरू होने वाले सप्ताह में करने का आदेश दिया। सुनवाई में कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के आग्रह पर उन्हें भरोसा दिया कि इस मामले को सुनवाई में प्राथमिकता देगा। एडसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और भाजपा नेता व वकील अश्विनी उपाध्याय ने इस मामले में अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। पहले की सुनवाई में एडीआर की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा था केंद्रीय सूचना आयोग ने 2013 में आदेश देते हुए कहा था राजनीतिक पार्टियों को आरटीआई के दायरे मे लाना चाहिए। इसके बाद एक और भी आदेश दिया था। इसके बाद भी आज तक इसको लागू नहीं किया। सीजे मेहता ने कहा था केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश के आधार पर विधायिका को इसे लागू करने के लिए याचिका दाखिल नहीं की जा सकती है।



## सार-संक्षेप

### प्रतिभाओं और भामाशाहों का सम्मान किया



मेधावी छात्रा को पुरस्कृत करते विधायक संदीप शर्मा।

जननायक संवाददाता

**कोटा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय वल्लभनगर कोटा में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, अध्यक्ष ओम आडवाणी अध्यक्ष पूज्य सिंधी जनरल पंचायत संस्थान कोटा, विशिष्ट अतिथि जगदीश वर्मा पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, प्रेम भाटिया व जयदीप रहे। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओ ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विद्यालय के श्रेष्ठ विद्यार्थियों, खेल-कूद में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। विद्यालय के भामाशाहों को शॉल पहनाकर शाला प्रधान ऋचा शर्मा ने सम्मानित किया। विधायक शर्मा ने बालिका शिक्षा को बढावा देने एवं शिक्षा के साथ-साथ रोजगारन्मुखी पाठ्यक्रम के लिए प्रेरित किया। अतिथियो का माला पहनाकर एवं मोमेन्टो भेंटकर शाला प्रधान ऋचा, लक्ष्मी चन्द, कुंजबिहारी मीणा एवं मोहम्मद शाकिर मिर्जा ने अभिनन्दन किया। संचालन चन्द्रप्रकाश शर्मा ने किया एवं एकता नागोरा ने विद्यालय प्रतिवेदन पढ़ा।

### रेणु आर.के. पुरम परमार्थ सेवा समिति की पुनः अध्यक्ष नियुक्त



जननायक संवाददाता

**कोटा।** आर.के. पुरम परमार्थ सेवा समिति की वार्षिक साधारण बैठक स्वामी विवेकानंद नगर में स्थित निजी आवास पर समिति के मुख्य संरक्षक पीपी गुप्ता की अध्यक्षता में हुई, जिसमें समिति द्वारा वर्ष पर्यन्त आयोजित परमार्थ सेवा कार्यक्रम पर प्रकाश डाला गया तथा वर्ष 2025 में किए जाने वाले पुनित सेवा कार्यक्रमों पर चर्चा की। बैठक में समिति की सचिव उर्मिला व्यास ने अब तक किए कार्यो को बताया तथा कोषाध्यक्ष ने आय-व्यय का वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया। मुख्य संरक्षक गुप्ता ने बताया कि विगत तीन वर्षो से कार्यरत अध्यक्ष रेणु गौड़ को सभी ने सर्वसम्मति से जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए वर्ष 2025 एक वर्ष के लिए समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। मुख्य संरक्षक गुप्ता, सचिव उर्मिला, कोषाध्यक्ष महावीर जैन, उपाध्यक्ष योगेश विजय, सदस्य दिनेश शर्मा, एस.के. औझा, कैलाश गौतम, मदनमोहन गुप्ता, विमल शर्मा, संतोष सैनी, मीरा सिंह, योगेश कुमारी गौतम, रश्मि गर्ग, सुरेश गर्ग, रामसेन आदि ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### वर्कशॉप और इंजीनियरिंग भी क्रिकेट के सेमीफाइनल में



**कोटा।** रेलवे मजदूर संघ द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता में शुक्रवार को छठे दिन वर्कशॉप और इंजीनियरिंग वॉरियर्स भी क्रिकेट सेमीफाइनल में पहुंच गई है। शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शुरू में बल्लेबाजी करते हुए वर्कशॉप टीम ने 20 ओवर में 166 रन बनाए। इसके जवाब में टीआरओ-11 टीम 102 रन ही बना सकी। तीन विकेट लेने ओर 27 रन बनाने पर मनोज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में इंजीनियरिंग वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32 छक्कों की मदद से 332 रन बनाए। इसके जवाब में सुपर वॉरियर्स-11 टीम 168 रन पर ही ढेर हो गई। 34 गेंदों पर 109 रन बनाने पर विजय सिंह मीणा मैन ऑफ द मैच चुने गए। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को आरपीएफ ने एस एंड टी स्पार्टन और इंजीनियरिंग ब्लास्टर ने वर्कशॉप-11 को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।


**इंजीनियरिंग ने जीती रस्साखींच :** दूसरी और इंजीनियरिंग विभाग ने रस्साखींच प्रतियोगिता जीत ली। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की कुल 4 टीमों ने भाग लिया था।

### कर्मचारियों को हल्के में ना ले सरकार

**कोटा।** राजस्थान राज्य कर्मचारी सयुंक्त महासंघ लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष सूरज प्रकाश टांक शुक्रवार को कोटा पहुंचे। यहां सर्किट हाऊस में महासंघ पदाधिकारियों की बैठक के दौरान टांक ने चेताया कि कर्मचारियों को हल्के में नहीं ले सरकार। टांक ने कहा कि बजट में मांगें पूरी नहीं होने पर कर्मचारी आंदोलन पर भी जा सकते हैं। टांक ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का हरसंभव समाधान करवाया जाएगा। जरूरी हुआ तो मंत्रियों को काले झंडे भी दिखाए जाएंगे। बैठक में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष रामरतन सामरिया, प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह नाथावत, प्रदेश प्रवक्ता अब्दुल मन्नान खान तथा सम्भागीय महासचिव अजय सिंह राठोड़ और सदस्य मौजूद थे।

## आज बिजली बंद रहेगी

**कोटा।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण शनिवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी।




सुबह 10:00 से दोपहर 1:00 बजे तक- शास्त्रीनगर।

सुबह 10:00 से दोपहर 3:00 बजे तक-थेकडा, देवली अरब रोड, बोरखड़ा फार्म, संतोष नगर, प्रताप नगर, पार्श्वनाथ नगर, आदर्श नगर, मोहन धाम, मोती नगर, शिव पुरी धाम, देवली अरब रोड, होली फेमेली अस्पताल, एकता नगर, मिलत नगर, बालाजी आवास, सेनी रेस्टोरेन्ट की गली, श्याम विहार, केन्द्रीय विद्यालय और नटराज सिनेमा के आसपास का क्षेत्र।

सुबह 10:30 से दोपहर 3:30 बजे तक- महावीर नगर द्वितीय, एमपीए वाली लाइन, बीएसएनएल टावर, पंडित दीन दयाल नगर, आनंदपुरा योजना, जिला औषधि भंडार आसपास के क्षेत्र बजरंग नगर, केसर बाग, गुलाब बाग, मुखर्जी पंप हाउस, रेलवे सोसायटी, प्रगति नगर, बाल विद्यालय केसर बाग, बीच गोदाम देवदूध डेयरी, शिवाय मल्टी, राजेंद्र विहार पार्क, एचपी गैस गोदाम, ईश्वर लेन, बाल भवन विद्यालय।

सुबह 10:00 से शाम 4:00 बजे तक-महावीर नगर एक्सटेंशन 6 सेक्टर।

सुबह 10:30 से शाम 4:30 बजे तक- आदर्श कॉलोनी और लॉर्ड कृष्णा स्कूल के पास, खेडली फाटक।

सुबह 11:00 से शाम 5:30 बजे तक-श्रीनाथपुरम बी।

# मेगा शिविर में बांटेंगे दिव्यांगों को सहायता उपकरण

### रोटरी क्लब का दिव्यांगजन सहायता शिविर कोटा में 22 से 24 तक

जननायक संवाददाता

**कोटा।** रोटरी क्लब कोटा की ओर से श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से वृहद दिव्यांगजन सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत फरवरी माह में विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए जाएंगे। अभियान के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को शहर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने रोटरी बिनानी सभागार में किया। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 15-16 फरवरी को केलवाड़ा, 19-20 को इटावा, 22, 23, 24 को कोटा तथा 26-27 फरवरी बेगूं में शिविर लगाए जाएंगे। मनोहरथाना में 11-12 फरवरी को शिविर आयोजित किया जा चुका है। सचिव घनश्याम मूंदडा ने बताया कि इस महाअभियान के तहत लगभग 10 हजार दिव्यांगजनों को जयपुर फुट, कैलिपर्स, व्हीलचेयर, बैसाखी, ट्राय साइकल, श्रवण यंत्र आदि आवश्यक उपकरण निशुल्क वितरित किए जाएंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।



दिव्यांगजन सहायता शिविर के पोस्टर का विमोचन करते हुए।

प्रोजेक्ट चेयरमैन अनुपम शर्मा एवं प्रवीण भंडारी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विशेष योग्यजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन को सहूलियत, सम्मान और सशक्तिकरण प्रदान करना है। शिविरों की तैयारियों जारी है। सैकड़ों दिव्यांगजन सहायता उपकरण प्राप्त करने के लिए पंजीकरण करवा चुके हैं। यह संख्या लगातार बढ़ रही है। कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय ने बताया कि रोटरी क्लब कोटा समाज के सभी वर्गो से इस महान सेवा यज्ञ में सहभागी बनने की अपील करता है। यह ऐसा अवसर है, जहां हम समाज के उन साथियों के जीवन में रोशनी भर सकते हैं, जो इसकी सबसे अधिक आवश्यकता रखते हैं। प्रवक्ता संजय गोयल ने कहा कि सेवा का यह महायज्ञ, आमजन की आहुति से ही पूर्ण होगा।

## प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन ने कुंभ यात्रियों के शवों को पैतृक गांव पहुंचाया



### कोटा के पास सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

जननायक संवाददाता

**कोटा।** कुंभ से लौट रहे मंदसौर के रहने वाले 3 यात्रियों का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। शवों को उनके पैतृक गांव पहुंचाने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनिल सिंघल एवं एमबीएस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतीक्षा पारीक को इसकी सूचना दी। मानवता का फर्ज निभाते हुए सभी मृतकों के शवों को निशुल्क मंदसौर पहुंचाया गया। पारीक ने बताया कि अब तक कोटा में लगभग 101 ओर खंडेला में 52 दाह संस्कार करवा चुकी हैं। दाह संस्कार के अलावा फाउंडेशन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किया हुआ है, जिस पर आने वाले कॉल के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद की जाती है। आर्थिक स्थिति से कमजोर व जरूरतमंदों की निरंतर मदद की जा रही है। पारीक ने बताया कि उससे पूर्व परिजनों को सांत्वना दी गई और दुख व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जीवन में निराश्रितों की सहायता करना ईश्वर की सच्ची सेवा है। प्रतीक्षा चैरिटेबल फाउंडेशन में राजस्थान में 300 से अधिक सदस्य जुड़े हुए हैं।

## रन फॉर हेल्थ से किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक




जननायक संवाददाता

**कोटा।** जवाहरलाल नेहरू टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, लखावा, कोटा में दो दिवसीय कार्यक्रम 'निरोगी काया सुरक्षित जीवन' के अंतर्गत 14 फरवरीको प्रथम दिवस पर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए 'रन फॉर हेल्थ' का आयोजन सीबी गार्डन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुषमा सिंह ने बी.एड. प्रशिक्षणार्थीयों को हरी झंडी दिखाकर किया। प्रशिक्षणार्थीयों की दौड़ किशोर सागर तालाब से प्रारंभ होकर नयापुरा सर्किल होते हुए सीबी गार्डन के मुख्य द्वार तक पहुंची, जिसमें विभिन्न नारों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इसके पश्चात सीबी गार्डन में महाविद्यालय स्टाफ एवं बी.एड. प्रशिक्षणार्थीयों ने योगासन किया। योग अभ्यास के बाद सीबी गार्डन में आए हुए विभिन्न लोगों पर मॉर्निंग वॉक का स्वास्थ्य पर प्रभाव जानने के लिए सर्वे किया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

### डॉ. अनुकृति 16वीं वर्ल्ड टूरिज्म कॉन्फ्रेंस में कीनोट स्पीकर के तौर पर करेंगी संबोधित

जननायक संवाददाता



**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक तथा कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुकृति शर्मा वर्ल्ड कल्चरल टूरिज्म एसोसिएशन की ओर से आयोजित 16वीं वर्ल्ड टूरिज्म कॉन्फ्रेंस में कीनोट स्पीकर के तौर पर संबोधित करेंगी। कांफ्रेंस 15-16 फरवरी को बैंकॉक में होगी। डॉ. अनुकृति कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए बैंकाक पहुंच चुकी हैं। वे 16 फरवरी को भारत में टूरिज्म मार्केट की संभावनाएं विषय पर पेपर प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत करेंगी। डॉ अनुकृति को वर्ल्ड जनरल ऑफ टूरिज्म की एडिटोरियल बोर्ड मेंबर भी नियुक्त किया है। कान्फ्रेंस के उद्घाटन समारोह में 15 फरवरी को नियुक्ति का सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। इस दौरान भारत से विदुषी चौधरी भी स्पीकर के तौर पर बैंकॉक गई हैं।

## यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैथेमेटिक्स में एसआर पब्लिक स्कूल का अच्छा प्रदर्शन

जननायक संवाददाता

**कोटा।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैथेमेटिक्स द्वारा आयोजित टेक्निकल बोनांजा प्रतियोगिता में एसआर पब्लिक स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इस प्रतियोगिता में छात्रों ने निर्माण, बायोलॉजी क्विज, गणित क्विज, टेक आर्ट और सामान्य ज्ञान क्विज जैसी विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया और प्रतिभा दिखाई।

वैष्णवी श्रीवास्तव और राजवीर झीरीवार ने निर्माण श्रेणी में 'इकोफ्लो 2.0' के लिए प्रथम स्थान प्राप्त कर 7000 एवं शील्ड प्राप्त की, वैदिक सिंह और यशस्वी मीणा ने निर्माण श्रेणी में गरुड़ास्त्र के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त कर 4000 एवं शील्ड प्राप्त की, अलीना सैयद और सफिया खान को निर्माण श्रेणी में प्रथम सांत्वना पुरस्कार तथा पुष्पेंद्र सिंह हाड़ा को निर्माण श्रेणी में द्वितीय सांत्वना पुरस्कार मिला। महक जैन



ने मैथ्स क्विज और पहेली सुलझाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दो पदक जीते और चार्वी मंडावत ने टेक आर्ट श्रेणी में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन आनंद राठी, निदेशक अंकित राठी, प्रधानाचार्य ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी छात्र इसी तरह विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

### अब तक 'एक स्टेशन-एक उत्पाद' के 22 स्टॉल

**कोटा।** कोटा रेल मंडल में अब तक 19 स्टेशनों पर 'एक स्टेशन-एक उत्पाद' के स्टॉल लगाए जा चुके हैं। कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर और गंगापुर स्टेशनों 2 और बाकी सभी 15 स्टेशनों पर एक हजार रुपए महिना किराया है। इसके अलावा हर महिने 40 यूनिट बिजली मुफ्त और स्टॉल संचालन अवधि 15 दिन से बढ़ाकर 90 दिन की गई है। भरतपुर, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, झालावाड़, हिंडौन, श्रीमहावीर, छाबरा गुगोर, सोगरिया, लाखेरी एवं डकनिया तालाव आदि 11 स्टेशनों पर स्थानीय बुनकर, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सामाजिक संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किए है।

## हैड कांस्टेबल से मारपीट के आरोपी की जमानत मंजूर

जननायक संवाददाता

**कोटा।** न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-7 के न्यायाधीश अमित कुमाद देव ने नयापुरा थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनावों के दौरान हैड कांस्टेबल से मारपीट करने के आरोपी नरेश मीणा की जमानत की अर्जी मंजूर कर ली है।

प्रकरण के तथ्यों के अनुसार नयापुरा थाने के हैड कांस्टेबल शेर सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 24 जून 2024 को जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह के आह्वान पर आयोजित रैली, सभा व आंदोलन में नयापुरा एसएचओ के आदेशानुसार वह कानून व्यवस्था ड्यूटी के लिए अम्बेडकर प्रतिमा के पास तैनात था, जिससे भीड़ बेरिकेटिंग के पास नहीं आए। दिन में 2.15 बजे करीब दो हजार लोगों की भीड़ सर्किट हाउस की तरफ से आई।

उसने ड्यूटी पर मौजूद पुलिस जाप्ते के साथ मिलकर भीड़ को रोकने का प्रयास किया। भीड़ में मौजूद लोगों ने उसके साथ छीना-झपटी की। उसकी शर्ट खींच दी। उसकी पीठ पर मारा। उसने मुड़कर देखा तो उक्त भीड़ में उपस्थित प्रहलाद गुंजल, भानू प्रताप कोटा देहात जिला अध्यक्ष, रविन्द्र त्यागी शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष, नईमुद्दीन गुड्डू, मोईजुद्दीन, मंजूर तंवर, असरार अहमद, विजय प्रताप सिंह, पवन मीणा, विशाल मेवाड़ा, शिवप्रकाश नागर छात्रनेता, धनराज चैंची पार्षद, जगरूप सिंह रंधावा, नरेश मीणा, बबलू कसाना पार्षद, आबिद कागजी एवं अन्य व्यक्ति वीडियो देखकर बता सकता हूं।

यह सभी भीड़ को उकसा रहे थे कि पुलिस को धक्का देकर हटा दो। उसने व अन्य जाप्ते ने भीड़ को रोकने का प्रयास किया। भीड़ ने उसके साथ धक्का मक्की, गाली गलोच करते हुए राजकार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस ने हैड कांस्टेबल की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट व राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज किया था।

इस मामले में एक आरोपी बारां जिले के मोठपुर थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी नरेश मीणा की ओर से उसके वकील हरीश शर्मा ने न्यायालय में जमानत की अर्जी पेश की थी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के आरोपी नरेश मीणा की 25 हजार जमानत व 25 हजार जमानत मुचलके पेश करने पर जमानत मंजूर कर ली। विधानसभा उपचुनाव के दौरान समरावता गांव में हुई हिंसा मामले में आरोपी नरेश मीणा वर्तमान समय में टोंक की जेल में बंद है।

### उपायुक्त ने श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया



**कोटा।** नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देश पर उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने शुक्रवार को नगर निगम द्वारा स्टेशन क्षेत्र में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया और भोजन ग्रहण कर रसोई में बनने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि स्टेशन क्षेत्र में निगम की 5 श्री अन्नपूर्णा रसोइयां संचालित हैं, जिनमें आमजन को गुणवत्ता पूर्ण भोजन करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भोजन की थाली में 300 ग्राम चपाती,100 ग्राम दाल, 100 ग्राम हरी सब्जी, 100 ग्राम खिचड़ी व अचार उपलब्ध कराया जाता है। आमजन प्रातः 09 से दोपहर 01 बजे तक तथा सांय 05 से 09 बजे तक इन रसोइयों में भोजन कर सकते हैं।

## नए टेंडर होने तक श्वान नसबंदी की वैकल्पिक व्यवस्था करे नगर निगम

### हम लोग संस्था ने नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त को लिखा पत्र

जननायक संवाददाता

**कोटा।** नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव ने नगर निगम कोटा दक्षिण क्षेत्र के श्वानों के बधियाकरण के ठेके को निरस्त कर दिए जाने से एक बार फिर कोटा शहर में श्वानों की संख्या में कमी के प्रयासों की गति पर ब्रेक लग गए हैं। हम लोग संस्था ने इस पर चिंता जताई है।

हम लोग संस्था के संयोजक डॉ सुधीर गुप्ता ने इस मामले में नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त अनुराग भार्गव को पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि किसी भी कॉन्ट्रैक्टर फर्म के कार्यो में लापरवाही या कॉन्ट्रैक्ट की शर्तो को पूरा नहीं करने पर उसका टेंडर निरस्त करने का अधिकार है और यह निगम का अपना मामला है, लेकिन श्वानों के बधियाकरण का कार्य बंद हो जाने का असर कोटा शहर की जनता पर पड़ेगा। कोटा शहर की जनता अपने-अपने मोहल्लों व सड़कों पर बढ़ती श्वानों की संख्या व उनके आंतक से परेशान है। कई बुजुर्ग व बच्चे इन श्वानों के शिकार हो चुके हैं। लोगों का अपने घरों से खासकर रात में बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। बुजुर्ग लोग मॉर्निंग वॉक पर जाने से कतरा रहे हैं।

**वैकल्पिक व्यवस्था करें निगम:** संस्था के संयोजक डॉ. गुप्ता ने कहा कि जब तक श्वानों को पकडने व उनके बधियाकरण के नए टेंडर नहीं हो जाते तब तक नगर निगम कोटा दक्षिण को इस कार्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि श्वानों के बधियाकरण का कार्य नियमित चलता रहे। इसके लिए नगर निगम कोटा दक्षिण मौजूदा फर्म को भी जब तक नए टेंडर जारी नहीं हो जाते कार्य जारी रखने के लिए कह सकता है ।

## एसआरटी और मास्टर ब्लास्टर के बीच होगा फाइनल मुकाबला

### विंटर बैटल कप अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता

जननायक संवाददाता

**कोटा।** ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी कोटा द्वारा ओमेंद्र क्रिकेट अकेडमी ग्राउंड, गांवड़ी रंगपुर रोड पर चल रही विंटर बैटल कप अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता में मास्टर ब्लस्टर और एसआरटी के बी फाइनल मुकाबला होगा।

प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच में एसआरटी क्रिकेट अकेडमी बनाम कौटिल्य क्रिकेट अकेडमी के मध्य खेले गए मुकाबले में एसआरटी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 199 रन का स्कोर बनाया।



टीम की ओर से आयुष ने 61 रन की अर्धशतकीय पारी खेली तथा सागर गौतम ने 30 रन व माहिरा खान ने 16 रन का योगदान किया। कौटिल्य टीम की ओर से सोहैल मोहम्मद, युग पारेता, किशन भाटी ने दो-दो तथा आदित्य, फैजल खान ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में कौटिल्य टीम सभी विकेट खोकर 158 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अरबाज खान ने 40 रन, हिमांशु ने 30 रन, अभय ने 29 रन बनाए।

एसआरटी टीम की ओर से माहिरा खान ने चार विकेट, अरशद हुसैन ने तीन तथा शमीम शाह, आयुष, हर्षित ने एक-एक विकेट लिया। एसआरटी टीम ने यह मुकाबला 41 रन से जीतकर प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान बनाया, जहां टीम का सामना मास्टर ब्लास्टर क्रिकेट अकेडमी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल मैच में माहिरा खान प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मैच के दौरान मुख्य अतिथि राजस्थान सीनियर सिलेक्शन कमेटी के सदस्य अमर सिंह नेगी, पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खिलाड़ी संजय भारती रहे।

## मंदिर के शिखर का कलशारोहण किया



**कोटा।** जवाहर नगर स्थित पंचबालयती मंदिर में विराजित आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में जवाहर नगर जिनालय में नवनिर्मित मंदिर के शिखर पर कलशारोहण का शुक्रवार को आयोजन हुआ।

सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष विमल जैन नान्ता ने बताया कि प्रातः साढ़े 8 बजे मंदिर के शिखर की प्रतिष्ठा विधानाचार्य पंडित उदय शास्त्री ने प्रारंभ की, उससे पूर्व जिनेंद्र भगवान का अभिषेक शांतिधारा एवं अष्टद्रव्य से पूजन कर आचार्य महाराज की पूजन की गई। जवाहर नगर जिनालय समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र गोधा ने बताया कि 9 बजे मंत्रोच्चार द्वारा शिखर पर स्वर्ण कलश स्थापित किया। तत्पश्चात आचार्य प्रज्ञा सागर के मंगल प्रवचन एवं 11 बजे संघ की आहार चर्या हुई। सांय साढ़े 6 बजे आनंद यात्रा के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं ने जिनेंद्र भगवान की भक्ति की। इस दौरान सचिव अरुण पहाड़िया, लोकेश जैन, यतीश खेड़ावाला, विनय जैन, जेके जैन, प्रकाश बज आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### फ्लावर शॉ में फूलों की बहार



**कोटा।** ग्रामीण हाट बाजार में हार्टक्लचर सोसाईटी द्वारा फ्लावर शॉ आयोजित किया जा रहा है। फ्लावर शॉ में कई तरह के फूलों की किस्में खासकर बोनसाई पोधों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस दौरान युवतियां अपने कपड़ो को फूलों से सजाकर पहुंची। इस प्रदर्शनी में शहर के सैकड़ों लोगों ने पहुंच फूलों की जानकारी प्राप्त की व उन्हें निहारा।

### स्टूडेंट ने जानी पैथोलॉजी लैब की जांच प्रक्रियाएं



जननायक संवाददाता

**कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज एवं सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में फैकल्टी सदस्य डॉ. रंजना गुप्ता और डॉ. सोनल सिंह के साथ पीएमसी अमेरिकन अस्पताल, इंद्रविहार की पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को लैब में उपस्थित चिकित्सकों और सहकर्मियों ने विभिन्न प्रकार की जांच प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार विभिन्न रोगों के लिए रक्त और ऊतक के नमूने एकत्रित किए जाते हैं और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजारकर स्लाइड तैयार की जाती है। इसके बाद माइक्रोस्कोप से नमूनों की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाती है। सैंपलिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इस दौरान रक्त परीक्षण की हीमोग्लोबिन, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, टी3-टी4 की जांच, बायोप्सी, माइक्रोबायोलॉजी टेस्ट, बैक्टीरिया, वायरस और फंगल संक्रमण की पहचान, मूत्र परीक्षण, किडनी संबंधी समस्याएं, डायबिटीज और संक्रमण की जांच, गर्भावस्था परीक्षण, गर्भधारण की पुष्टि के लिए मूत्र द्वारा जांच, सीरोलॉजी टेस्ट के अलावा विद्यार्थियों को मूत्र संग्रह विधि, परीक्षण प्रक्रिया और इससे संबंधित बीमारियों की जानकारी भी दी।

### जबलपुर रेल अधिकारी के घर भी पहुंची सीबीआई

जननायक संवाददाता

**कोटा।** जयपुर केंद्रीय अन्वेक्षण (सीबीआई) ने जबलपुर में भी रेलवे के एक बड़े अधिकारी के घर छापामार कार्यवाही की है। इस कार्रवाई में कुछ विशेष हाथ नहीं लगने की जानकारी सामने आ रही है। कोटा में पड़े छापे के बाद अधिकारी ने संभवतः अपने घर से पहले ही आपत्तिजनक चीजे हटा दीं। इसके अलावा सीबीआई ने कोटा में भी रंगपुर रोड भदाना स्थित एक अन्य कर्मचारी के घर भी छापामार कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में भी सीबीआई के हाथ खाली बताए जा रहे हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सीबीआई को कुछ जरुरी दस्तावेज हाथ लगे हैं। मामले में कार्रवाई समाप्त होने पर इनका खुलासा किया जा सकता है।

#### यही है मास्टर माइंट

सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने जिस अधिकारी के घर छापामार कार्रवाई की है वो ही इस पूरे मामले का मास्टर माइंड है। इसी के इशारे पर अभ्यर्थी और परीक्षा आवेदन फार्म बदले गए। यही अधिकारी इस पूरे फर्जीवाड़े का जिम्मेदार है। सीबीआई की एफआईआर में भी इस अधिकारी का नाम अज्ञात अधिकारी के नाम से दर्ज है।

#### और भी केस हो सकते हैं दर्ज

सूत्रों ने बताया कि पिछले कई दिनों से चल ही कार्रवाई के बाद सीबीआई के हाथ कई महत्त्वपूर्ण सामग्री लगी है। साथ ही अन्य कई अधिकारियों के नाम भी सामने आए हैं। इसके चलते इस मामले में और भी कई एफआईआर दर्ज हो सकती है। जांच में सामने आया है कि यह एक बड़ा रैकेट है। इसमें दूसरी रेलवे के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं।

**यह है मामलाः** उल्लेखनीय है कि कोटा मंडल में डमी अभ्यर्थी के जारिए फर्जी तरिके से दो महिला कर्मचारी सपना मीणा और आशा मीणा के रेलवे की नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में हुए पैसे के लेने-देन में गार्ड राजेंद्र पर भी आरोप है। इसके चलते प्रशासन ने पिछले करीब दो महिने से तीनों को निलंबित कर रखा है।

### 24-25 मार्च को बैंक कर्मियों की हड़ताल



जननायक संवाददाता

**कोटा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को बैंक कर्मचारियों ने एयरोड्राम चौराहा स्थित बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के समक्ष शाम को जोरदार विरोध-प्रदर्शन और नारेबजी की। बैंक कर्मचारियों चेतावनी दी कि यदि समय रहते उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 24 ओर 25 मार्च को बैंकों की हड़ताल की जाएगी। इस दौरान कर्मचारियों ने कर्मचारियों की भर्ती, कर्मचारियों को स्थाई करने, पांच दिवसीय कार्य, डीएफएस द्वारा जारी परिपत्र वापस लेने, कर्मचारियों का उपद्रवी तत्वों से बचाव सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अधिकारी एवं कर्मचारी निदेशकों की नियुक्ति, भारतीय बैंक संघ से जुड़े बचे मुद्दे हल करने, ग्रेच्युटी एक्ट में सुधार, स्टाफ वेलफेयर से सम्बन्धी लाभ पर आयकर बैंक द्वारा दिया जाने तथा आईडीबीआई बैंक में शेयर पूंजी की सीमा 51 प्रतिशत जारी रखने आदि मांगे गिनाईं। यूनाइटेड फोरम ऑफबैंक यूनियंस के संयोजक पदम कुमार पाटोदी, राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन के उप सचिव हेमराज सिंह गौड़, सेंट्रल बैंक ऑफइण्डिया कर्मचारी यूनियन राजस्थान के महासचिव डीएस साहू तथा सेंट्रल बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव अरविन्द मीणा सहित विभिन्न बैंक संगठन के नेता और सदस्य मौजूद थे।

### महिला ने विषाक्त खाकर आत्महत्या की

कोटा। रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में महिला ने विषाक्त खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि रंगपुर रोड़ निवासी चाहन्या बाई (35) पत्नी मुकेश सुमन ने गुरुवार को घर पर विषाक्त पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को सुबह पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। महिला के आत्महत्या करने के कारणों का पता नही चल सका है।

# रक्तदान से दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

## शिविर में 150 यूनिट रक्तदान

### छात्र-छात्राओं और पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

जननायक संवाददाता

**कोटा।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में लैंडमार्क सिटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें छात्र-छात्राओं, पुलिसकर्मियों, मीडिया कर्मियों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 150 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र हुआ।

रक्तदान शिविर सुबह से रात 8 बजे तक चला। इस पहल को सभी ने सराहा और इसे राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा का प्रतीक बताया। इस मौके पर कुन्हाडी थाना सीआई अरविंद भारद्वाज ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शहीदों के नाम रक्तदान शिविर आयोजित करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आज पूरा देश पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति प्रेम ही सबसे बड़ा प्रेम है। शहीदों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारद्वाज ने बताया कि रक्तदान शिविर में लड़कियों ने अधिक संख्या में रक्तदान किया है, जो बेहद गर्व की बात है। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के बलिदान को याद किया।



लैंडमार्क सिटी में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते युवा।



महावीर नगर विस्तार में रक्तदान शिविर में रक्तदान करती महिलाएं।



महावीर नगर मित्र मंडली की ओर से कैंडल मार्च निकालते युवक

### 12 महिलाओं सहित 29 लोगों ने किया रक्तदान

**कोटा।** पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को टीम जीवनदाता, जेसीआई एलिगेंस, अमृत हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में महावीर नगर विस्तार में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। एलिगेंस की अध्यक्ष गुंजीत जोहर व सचिव मनदीप साहनी, अस्पताल निदेशक रेणु मिश्रा ने बताया कि हम सभी का यह नैतिक दायित्व है कि हमारे जवानों को हम हमेशा याद करें, सरहद पर उनकी सलामती की दुआ करें। मुख्य अतिथि राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ नित्यानंद शर्मा ने बताया कि पुलवामा हमले में जो जवान शहीद हुए उन्हें याद करने का रक्तदान एक अच्छा माध्यम है।

शिविर में 29 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। प्रोजेक्ट् डायरेक्टर तरुणा गुप्ता ने पति व बेटे के साथ रक्तदान कर सेवा की मिसाल पेश की। अनुपमा सिस्टर ने अपनी दो बेटियों को रक्तदान करवाया। डॉ पायल सरीन, ज्योति शर्मा, नमिता श्रीवास्तव, निधि गुप्ता, श्वेता शर्मा, तरुणा गुप्ता, नेहा शर्मा, गुंजीत जौहर, लक्ष्या गुप्ता, मनदीप साहनी, शिवानी शर्मा, रेणु मिश्रा सहित लगभग 12 महिलाओं ने रक्तदान कर देशभक्ति की मिसाल पेश की। टीम जीवन दाता के संरक्षक भुवनेश गुप्ता ने कहा कि वीर सपूतों को याद करने के कई माध्यम हो सकते हैं लेकिन रक्तदान सर्वोपरि है।

### कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को याद किया

**कोटा।** महावीर नगर मित्र मंडली ने शुक्रवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मोमबत्ती मार्च निकाला और शहीदों को याद किया। मंडली के सदस्यों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उनके बलिदान को कभी नहीं भूलने का वचन दिया। सभी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। राजेश सिंह, मंजय यादव, साहिल वर्मा, डी.के. मरुभट्ट, आर्यन मीना, रूप बना, दिव्यांशु सेन, सोनू सिंह, दिव्यांशु गौतम, दिनेश शर्मा, प्रियांशु शर्मा, अनुज जैन आदि मौजूद थे।

### पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित

**कोटा।** देवली अरब रोड बोरखेड़ा व्यापार समिति के पदाधिकारियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 बहादुर जवानों की शहादत पर शुक्रवार को शहीद स्मारक पर मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

व्यापार समिति अध्यक्ष दीपक नामदेव ने बताया कि पदाधिकारियों ने हमारे महापुरुषों और पुलवामा हमले के दौरान शहीद हुए वीर जवान शहीदों को स्मरण किया, जिनकी वजह से देशवासी सुरक्षित रहकर अपने दैनिक कार्यक्रम दिनचर्या व्यापार आदि कर पाते हैं। उन्हें श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मिक शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए 14 फरवरी का दिन हमने काला दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान धर्मेंद्र जैन, जतिन जैन, प्रेम सहाय, जीतराम यादव, कुणाल बैराठी, पंकज विजय, अशोक कुशवाहा, मुकेश कुमार, शावेज खान, विजय राठौर, पुष्पेंद्र सिंह हाड़ा, राजेंद्र सोनी, कमल सोनी, यथार्थ नामदेव, कृष्णकुमार सोनी आदि उपस्थित रहे



## कैंडल मार्च निकाल शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि



जननायक संवाददाता

**कोटा।** पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को बजरंग दल विराट के कार्यकर्ताओं ने नयापुरा स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च निकाला।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार महाजन, प्रदेश उपाध्यक्ष गो प्रकोष्ठ मनोज विजयवर्गीय ने बताया कि कैंडल मार्च निकालने के बाद शहीद स्तंभ पर पुष्प अर्पित किए गए। मनोज यादव, मनोज सोनी, पार्वती शर्मा, टीना यादव, अभिषेक अग्रवाल, लक्की गोयल, प्रदीप गौतम, मुकेश अग्रवाल, ज्योति गोड़, मधु चौहान, गौरव बैरागी, रवि, विक्की सिंह, मनीषा, ज्योति, सुनिता, शिवम, मुकेश व शीला सहित कई फुटबॉल खिलाडी मौजूद रहे।

### छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए करियर काउंसलिंग

**कोटा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला ने शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी के निर्देशानुसार विनोबाभावे नगर स्थित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चार बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उनकी करियर काउंसलिंग की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि सही लक्ष्य निर्धारण और निरंतर प्रयास से सफलता हासिल की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को सरकारी नौकरियों एवं अन्य करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, सविता कृष्णिया, ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी लाडपुरा, निशांत सिंह, छात्रावास अधीक्षक लक्ष्मी मालव व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## माता-पिता के आशीर्वाद से ही जीवन सफल होता है





### तिलक स्कूल में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** महावीर नगर विस्तार योजना में स्थित तिलक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया।

तिलक एज्यूकेशनल ग्रुप के चेयरमैन कुंजबिहारी गौतम एवं डायरेक्टर डॉ. मोहित गौतम ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। चेयरमैन कुंजबिहारी ने कहा कि 'मां जन्मदात्री है एवं पिता हमारे पालनहार है, इन दोनों का साया सदैव हमारे साथ रहता है, इनके आशीर्वाद से ही हमारा जीवन सफल होता है।' डायरेक्टर डॉ. मोहित ने कहा कि 'हमने माता-पिता में सम्पूर्ण संसार देखा है, माता-पिता हमारे संरक्षक हैं, जिनकी छांव में हम आगे बढ़ते हैं।' हमें अपने माता-पिता की बात माननी चाहिये। सभी बच्चों को रोज माता पिता के चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेना चाहिये। संस्था के अध्यापक अध्यापिकाओं ने भी विचार सांझा किए। कार्यक्रम में नवनीत कुमार खण्डेलवाल, कमलकिशोर दाधीच, नीता मकवाना, सुमन राजपूत, महेंद्र गौतम, ममता चौहान, पूजा नामा आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान

**कोटा।** अकलंक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुरा में शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण से कियाा। इस अवसर पर अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारी मौजूद थे। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माता-पिता का स्नेहपूर्ण स्वागत किया। प्रधानाचार्या ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए और अपने हाथों से बनाए हस्त निर्मित कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस प्रेमपूर्ण भाव को देखकर अभिभावक भावुक हो उठे। बच्चों ने गीत, कविता, नाटक, योग और नैतिक मूल्यों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा एलकेजी के छोटे विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

**अभिभावकों के लिए विशेष खेल और मनोरंजनः** कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए भी विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### शिविर में हो रहा नगरीय विकास कर की समस्या का समाधान

**कोटा।** नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी के निर्देश पर निगम प्रशासनिक भवन के स्वागत हॉल में नगरीय विकास कर समस्या समाधान शिविर का आयोजन जारी है, जिसमें नगरीय विकास कर को जमा कराने में आमजन को आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि शिविर में अब तक 32 नागरिकों द्वारा अपने मांग पत्रों में राशि की गणना को सही करवाया जा चुका है। सिसोदिया ने बताया कि इसी के साथ कोटा उत्तर निगम ने 300 भवन मालिकों को लगभग 20 लाख रुपए के मांग पत्र जारी किए हैं, जिसमें से लगभग 5 लाख की राशि जमा भी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर 21 फरवरी तक राजकीय अवकाश के दिवसों को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 11 से आयोजित होगा। नगरीय विकास कर को लेकर आमजन की जो भी समस्या हो, वह दस्तावेजों के साथ कैम्प में आकर समाधान करवा सकते है

## 'आने वाला समय आर्थिक रूप से बेहतर होगा'

### नवंबर तक सामने आने लगेंगे बजट के परिणाम

### केडीएफ की बजट विश्लेषण सेमिनार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** आर्थिक विश्लेषक सीए विकास काबरा ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत 2025 का बजट आने वाले समय के लिए देश में बेहतर स्थितियां लाने वाला होगा।

कोटा डेवलपमेंट फोरम द्वारा आयोजित बजट विश्लेषण सेमिनार में मुख्य अतिथि काबरा ने कहा कि केंद्रीय बजट देश की दशा नहीं दिशा निर्धारित करता है। जीडीपी में बढ़ौतरी होगी। जनसंख्या में वृद्धि का आर्थिक विश्लेषण करते हुए उन्होंने बताया कि सरकारें लाभ का बजट कभी बना ही नहीं सकती। उन्हें उधार लेकर ही काम करना होता है और जन कल्याणकारी नीतियों को संचालित करना होता है। सरकार जब 1 रुपया खर्च करती है तो वह तीन रुपए 50 पैसा बन जाता है। यदि हम सरकार का बजट समझ जाएंगे तो घर का बजट भी समझ में आ जाएगा कि इकोनॉमिक किस प्रकार शुभ होती है। भारत का जीडीपी 1800 साल पहले विश्व अर्थव्यवस्था का तीस प्रतिशत था और अमेरिका का 28 प्रतिशत था, लेकिन पिछले 200 साल में स्थित बदली, भारत अब इनोवेशन का गढ़ माना जाता है। हमें समझना होगा कि जीडीपी को अब युवा जनसंख्या संचालित कर रही है। यदि कोई भारत में निवेश कर रहा है, तो आप समझ सकते हैं कि भारत युवाओं का बहुत बड़ा बाजार है। चीन के बारे में अवधारणा बदल रही है। काबरा ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, इसलिए अच्छी रिटर्न मिलने की उम्मीद है। नवंबर माह तक इसके परिणाम सामने आने लगेंगे।




बजट पर चर्चा में भाग लेते अतिथि।

#### नई कर प्रणाली से सभी वर्ग को लाभ

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में से नीरज जैन ने बताया कि नई कर प्रणाली से सभी वर्ग को लाभ होना है। उन्होंने क्रिप्टो करेंसी की बारीकियों का विश्लेषण किया। उन्होंने बजट में रुपया कहां से आएगा और कहां जाएगा, पावर पॉइंट प्रजेंटेशन के जरिए अर्थशास्त्रियों के बीच शेयर किया। केडीएफ के अध्यक्ष आदित्य कुमार जैन ने बताया कि सेमिनार में केडीएफ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ टीसी मेहता ने बताया कि बजट किस प्रकार से हर वर्ग की आर्थिक दशा और दिशा तय करता है। शिक्षाविद डॉ. संजय भार्गव ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। विधिवेत्ता डॉ. अरुण शर्मा, प्रमुख ऑटोमोबाइल व्यवसायी राजेंद्र अग्रवाल, डीएन नैनानी, समाजसेवी पूर्व मंडल कमिश्नर भारत स्काउट यज्ञदत्त हाडा, डॉ. कुलवंत गोड़, प्रो. जीएल मालव, दीपक त्यागी, एसके अग्रवाल, रमाकांत शर्मा, केडीएफ की सचिव आशा शर्मा ने बजट चर्चा में भाग लिया। संचालन कंचन ने किया।

## पुजारियों को किसान डायरी से वंचित करने का विरोध

### पुजारी सेवक महासंघ का 17 को प्रदर्शन और महपड़ाव

जननायक संवाददाता

**कोटा।** ब्राह्मण कल्याण परिषद राजस्थान पुजारी सेवक महासंघ ने राजस्थान सरकार द्वारा पुजारियों को किसान डायरी से वंचित किए जाने के विरोध में एक बैठक आयोजित की, जिसमें निर्णय लिया कि 17 फरवरी को इसके विरोध में संभागीय आयुक्त कार्यालय सीएडी सर्किल पर प्रदर्शन कर महापड़ाव किया जाएगा ।

जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि जब तक पुजारियों को किसान डायरी से नहीं जोड़ा जाएगा, संभागीय आयुक्त कार्यालय पर महापड़ाव अनिश्चित काल के लिए जारी रहेगा। बैठक में ब्राह्मण कल्याण परिषद के प्रदेश संयोजक अनिल तिवारी ने कहा कि कृषि मंत्री ने पुजारियों को किसान डायरी से वंचित रखा है, जिस कारण पुजारी समाज में आक्रोश है।

बैठक में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण शर्मा, संभागीय अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री आनंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री दयाराम शर्मा, प्रचार मंत्री राजेंद्र शर्मा, झालावाड़ जिलाध्यक्ष लोकेश, बारां जिलाध्यक्ष दुर्गाशंकर शर्मा, बूंदी जिलाध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा, उपाध्यक्ष गिरधर दाधीच, प्रदेश पुजारिन सेना से अर्चना शर्मा, तहसील अध्यक्ष रघुवीर शर्मा, दीपक शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, पवन वैष्णव, रामनारायण योगी, लव कुश बैरागी, अनिल शर्मा, पुष्करराज शर्मा, वीरेंद्र गौतम, अनिल गौतम, विधि सलाहकार नरेश गौतम, जयसिंह चौहान, देवराज अटवाल व महावीर शर्मा आदि मौजूद थे।

संपादकीय

# आसान आयकर की पहल


वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को नया इनकम टैक्स बिल लोकसभा में पेश कर दिया। पिछले दिनों बजट पेश करते हुए भी उन्होंने इसका जिक्र किया था। आयकर कानून बदलने और उसे सरल एवं सुस्पष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं, इसकी पुष्टि इससे होती है कि नया आयकर विधेयक 622 पन्नों का है, जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम में 1647 पन्ने हैं। वित्त मंत्री की मानें तो नए आयकर कानून से कर संहिता अधिक सरल हो जाएगी और वह आयकर अधिकारियों के साथ आयकरदाताओं को भी राहत प्रदान करेगी। इससे अच्छा और कुछ नहीं कि आयकरदाताओं को जटिल नियमों के साथ आसानी से समझ न आने वाली भाषा से छुटकारा मिले।

चूंकि आयकर विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजने का निर्णय लिया गया है, इसलिए यह आशा की जाती है कि वहां उस पर व्यापक विचार-विमर्श के दौरान उसे वास्तव में सरल रूप देने में मदद मिलेगी। इस अपेक्षा के साथ ही यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ऐसा माहौल बनाने की आवश्यकता है, जिससे लोग स्वेच्छा से आयकर देने को प्रेरित हों और उनके मन में किसी तरह का भय न रहे।

जितना आवश्यक आयकर संबंधी नियम-कानून सरल करना है, उतना ही इसकी गुंजाइश खत्म करना भी कि आयकर विभाग लोगों से अनावश्यक रूप से न तो सवाल-जवाब कर सके और न ही किसी भूल-चूक पर उन्हें तंग कर सके। यह तब संभव होगा, जब आयकर अधिकारी आयकरदाताओं को संदेह की दृष्टि से देखना बंद करेंगे। उन्हें यह भी समझना होगा कि आयकर बचाने के उपाय अपनाने का मतलब कर चोरी करना नहीं होता।

आयकर विभाग को उन कारणों का निवारण भी करना होगा, जिनके चलते लोग आय छिपाने के जतन करते हैं। इस मामले में आयकर विभाग के एक डिप्टी कमिश्नर को भी लिप्त पाया गया। यह भी समय की मांग है कि सरकार आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने के उपाय करे। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि वर्तमान में आयकर देने वालों की संख्या चार करोड़ से भी कम है। इनमें मुख्यतः वे ही हैं, जो नौकरीपेशा हैं।

यह सही समय है कि उन लोगों पर निगाह दौड़ाई जाए, जो समर्थ होते हुए भी आयकर नहीं देते। आखिर जो संपन्न किसान एक सीमा से अधिक आय अर्जित करते हैं, उन्हें आयकर के दायरे में क्यों नहीं लाया जाना चाहिए? इसकी अनदेखी नहीं की जाए कि कृषि आय को टैक्स के दायरे से बाहर रखने के नियम का दुरुपयोग भी किया जा रहा है।




# वैश्विक संकट बना प्रदूषित भूजल

**समूची दुनिया में प्रदूषित भूजल सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। दुनिया के शोध सुबूत हैं कि रेडियो एक्टिव पदार्थों और भारी धातुओं की बढ़ती मात्रा ने भूजल की गुणवत्ता गिराने के साथ ही मानव जीवन को संकट में डाला है। हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के अध्ययन में खुलासा हुआ है कि दुनिया के 156 देशों के भूजल में सल्फेट की मात्रा अधिक पाई गई है, जिनमें भारत के अलावा अल्जीरिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब, इटली, स्पेन, मेक्सिको, अमेरिका, ट्यूनीशिया, ईरान आदि देशों के भूजल में सल्फेट की मात्रा अत्यधिक होने से लगभग 1.70 करोड़ लोग पेट और आंत की बीमारियों की भीषण चपेट में हैं। अध्ययन के मुताबिक, दुनिया में लगभग 19.4 करोड़ लोग 250 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक सल्फेट युक्त पानी के संपर्क में हैं। इसे डब्ल्यूएचओ ने भी माना है।**

ज्ञानेंद्र रावत

दुनिया में 1.70 करोड़ लोग 500 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक सल्फेट वाला पानी पी रहे हैं। इनमें से 82 फीसदी लोग भारत, अमेरिका, मेक्सिको, स्पेन समेत 10 देशों में रहते हैं। अध्ययन में खुलासा हुआ है कि स्पेन में सर्वाधिक 277.86 मिलीग्राम, अफगानिस्तान में 183.32 मिलीग्राम, मेक्सिको में 175.05 मिलीग्राम, पाकिस्तान में 135.01 मिलीग्राम, अमेरिका में 97.85 मिलीग्राम और भारत में 81.71 मिलीग्राम सल्फेट युक्त पानी का लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। शोधकर्ता वैज्ञानिकों की मानें, तो सल्फेट युक्त पानी स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी खतरनाक है। सल्फेट के कारण पाइप भी गल जाता है। यही नहीं फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्वों को अलग करके पारिस्थितिकी के नुकसान का कारण भी बनता है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन और शहरीकरण से सल्फेट की अधिकता भी बढ़ी है और इससे वैश्विक स्तर पर जल की गुणवत्ता भी गहरे तक प्रभावित होगी। भारत की बात करें, तो देश की ज्यादातर आबादी पीने के पानी के लिए भूजल पर ही निर्भर है। 2050 तक पानी की मांग में 25 फीसदी से अधिक की और बढ़ोतरी की चेतावनी ने यह सोचने पर विवश कर दिया है कि आखिर इस संकट का समाधान कैसे होगा? सर्वविदित है कि भूजल दोहन के मामले में हमारा देश शीर्ष पर है। इसके चलते देश के उत्तरी गांगेय इलाके में, तो भूजल खत्म होने के कगार पर है। देश की राजधानी दिल्ली सहित देश के कई शहरों का डार्क जोन में आना और एनसीआर में गंभीर पानी का संकट इसका जीता जागता सुबूत है। भूजल के मामले में पंजाब की स्थिति सबसे ज्यादा गंभीर है, क्योंकि वहां की 94 फीसदी आबादी पीने के पानी के लिए भूजल पर ही निर्भर है। नतीजतन भूजल में भारी धातुओं और रेडियो एक्टिव पदार्थों की मौजूदगी में तेजी से इजाफा हुआ। इस मामले में हरियाणा भी पंजाब से पीछे नहीं है। हरियाणा में भूजल निकासी 137 फीसदी से भी अधिक है, जबकि देश में भूजल निकासी 63 फीसदी है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के दस महानगर अति दोहित की श्रेणी में हैं। आर्सेनिक, नाइट्रेट, सोडियम, यूरेनियम, फ्लोराइड आदि की अधिकता के कारण भूजल मानव स्वास्थ्य के साथ ही सिंचाई के लिए भी नुकसानदायक साबित हो रहा है।

देश के 440 जिलों के भूजल में बढ़ा नाइट्रेट का स्तर गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर रहा है। सीजीडब्ल्यूबी की रिपोर्ट की मानें, तो पानी के 9.04 फीसदी नमूनों में फ्लोराइड का स्तर सुरक्षित सीमा से अधिक और 3.55 फीसदी आर्सेनिक की मौजूदगी पाई गई। राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु में 40 फीसदी से ज्यादा नमूने सुरक्षित सीमा से अधिक पाए गए। महाराष्ट्र में पानी में नाइट्रेट का स्तर 35.74, तेलंगाना में 27.48, आंध्र प्रदेश में 23.5 और मध्य प्रदेश में 22.58 फीसदी से भी ज्यादा उच्च स्तर तक दर्ज किया गया है, जबकि हरियाणा, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश में यह स्तर लगातार बढ़ रहा है। यह प्रदूषण पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य, दोनों के लिए हानिकारक है। इससे कैंसर, किडनी, हड्डियों और त्वचा की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। नवजात शिशु के लिए तो यह जानलेवा बन गया है। गौरतलब है कि देश में भूजल की गुणवत्ता में तेजी से आ रही गिरावट के लिए उद्योगों से निकलने वाले दूषित जल के उपचार की व्यवस्था न हो पाना, खेती में ज्यादा से ज्यादा उपज पाने की चाहत के चलते अंधाधुंध उर्वरकों का इस्तेमाल, बेतहाशा बढ़ रहा शहरीकरण, सीवेज लीकेज, घरेलू कचरा और कूड़े-कचरे के पहाड़ मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। इन पर अंकुश लगाए बिना भूजल की गुणवत्ता हासिल कर पाना टेढ़ी खीर है।

# अवैध प्रवेश पर रोक लगाने की तैयारी

मिहिर एस शर्मा

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को यही लगता है कि चुनाव में पिछले साल उन्हें जो प्रचंड जनादेश मिला, उसके पीछे बड़ी वजह देश में अवैध रूप से घुसने वालों पर लगाम कसने का उनका वादा था। उनके देश में यह धारणा काफी पुख्ता है और आधिकारिक आंकड़े भी एक हद तक इसे सही साबित करते हैं कि सही कागजात के बगैर सीमा पार कर अवैध रूप से घुसने वालों की तादाद 2020 के बाद बहुत तेजी से बढ़ी है। इसके लिए जो बाइडन के नेतृत्व वाली पिछली सरकार किस हद तक जिम्मेदार है, इस पर बहस हो सकती है। लेकिन अवैध आव्रजन या घुसपैठ अब अमेरिका में बिल्कुल उसी तरह ज्वलंत राजनीतिक मुद्दा बन चुका है, जैसे जर्मनी और हंगरी समेत कई यूरोपीय देशों में पहले से ही है।

खुद को ट्रंप गुट का नेता मानने वाले लोग इस समस्या से निपटने के लिए कई तरह के विचार देते हैं और संभव है कि राष्ट्रपति उन सभी को एक-एक कर आजमाएं। वह पहले ही एक कार्यकारी आदेश जारी कर चुके हैं, जिसके तहत अमेरिकी धरती पर जन्म लेने वाले सभी नागरिकों को मिलने वाले नागरिकता के अधिकार कम हो जाएंगे। अमेरिका में लंबे समय से चले आ रहे 'जन्मसिद्ध नागरिकता' के इस अधिकार पर पहले खास ध्यान नहीं दिया गया था मगर अब यह राजनीतिक रूप से विवादास्पद मुद्दा बनता जा रहा है। इस बात पर बहस चल रही है कि यह अधिकार खत्म करने के प्रयासों को संवैधानिक माना जाएगा या नहीं। मगर सुप्रीम कोर्ट का दक्षिणपंथी झुकाव इस मामले में ट्रंप प्रशासन को कुछ राहत दे सकता है।

ट्रंप ने पद संभालते ही झटपट अवैध प्रवासियों को देश से निर्वासित करने का प्रयास किया। रिपब्लिकन पार्टी के धुर दक्षिणपंथियों में से कुछ ने सामूहिक निर्वासन का वादा किया था जिस पर कुछ लोगों ने बहुत खौफनाक मंशा बताया था। कागजी कार्रवाई पूरी किए बगैर अमेरिका में रह रहे लाखों लोगों की पहचान करना और उन्हें उनके देश वापस भेजना आसान काम नहीं है। इनमें से कई लोग दशकों से अमेरिका में हैं और उनका निर्वासन राजनीति और आर्थिक आफत ला देगा। इसके अलावा राजनीतिक सर्वसम्मति को छोड़िए अभी तो यह भी पक्का नहीं है कि संघीय सरकार के पास इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई करने के लिए संसाधन और क्षमता हैं।



किंतु ट्रंप को अपने मतदाताओं को यह दिखाकर खुश करना ही होगा कि वह कुछ कर रहे हैं और इसीलिए कुछ लोगों को उनके देश वापस भेजना जरूरी है। ध्यान रहे कि यह कोई अनूठी या असामान्य बात नहीं है। सभी राजनीतिक दलों के मतदाता उनकी सरकारों को ऐसे कदम उठाने के लिए बाध्य करते रहे हैं। यहां तक कि ब्रिटेन की लेबर पार्टी सरकार जैसी मध्य-वाम सरकारें तक कथित निर्वासन का ढिंढोरा पीटती रही हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कियर स्टार्मर ने तो पिछली दक्षिणपंथी सरकार के प्रधानमंत्री पर 'खुली सीमा के साथ प्रयोग करने'जैसे आरोप लगाए थे। बिल्कुल वैसे ही आरोप ट्रंप ने भी अपने विरोधियों पर लगाए।

दुर्भाग्य से भारत को भी यहां से अवैध तरीके से अमेरिका गए लोगों को छोड़ने आए विमानों के लिए तैयार रहना होगा। पिछले दिनों संसद में एक वीडियो पर जमकर हंगामा हुआ था, जिसे ऐसे ही एक विमान का लीक हुआ वीडियो बताया गया था। मगर ट्रंप के समूचे शासन काल यानी चार साल तक संसद में हंगामा जारी नहीं रह सकता। पहले स्वीकार करना होगा कि पिछले कुछ समय से भारत से बड़ी संख्या में लोग जाकर अवैध तरीके से अमेरिका में रहने लगे हैं। इसके बाद इस समस्या से निपटने के तरीके पर राजनीतिक आम सहमति बनानी होगी। अनुमान तो यह भी कहते हैं कि भारत से 'डंकी रूट' के जरिये इतने लोग अवैध रूप से अमेरिका पहुंच गए हैं कि मेक्सिको के बाद वहां सबसे ज्यादा अवैध आप्रवासी भारत के ही हैं और उनकी संख्या लाखों में है।

इसमें कोई शक नहीं है कि अगर निर्वासन किया ही जा रहा है तो उसे यथासंभव मानवीय तरीके से अंजाम दिया जाए। उदाहरण के लिए जो लोग हिरासत में है उन्हें हथकड़ी पहनाने की जरूरत तब तक नहीं है, जब तक यह साबित न हो जाए कि वे दूसरों के लिए खतरनाक हैं। भारत में हाल में जो लोग लाए गए, उन्हें अमेरिकी सैन्य विमान लेकर आया। यह भी बेजा हरकत थी, जबकि उन्हें सामान्य तरीके से भेजा जा सकता था।

लेकिन जैसा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद में कहा, अब हमें लोगों को गैर-कानूनी तरीके से दूसरे देशों में भेजे जाने (जिसे मानव तस्करी कहा जाता है) की समस्या को गंभीरता से लेना होगा। देश के कुछ हिस्सों में तो यह गुपचुप नहीं बल्कि खुलेआम होती है और इससे हर साल करोड़ों रुपये कमाए भी जाते हैं। लेकिन यह सब चलने नहीं दिया जा सकता। इससे भारत की विदेश नीति की प्राथमिकताएं भी खतरे में पड़ती हैं और ऐसे लोगों के कानूनी तथा अस्थायी प्रवासन की गुंजाइश भी कम हो जाती है, जो विदेश से देश में अच्छा खासा धन भेज सकते हैं।

लेकिन कुछ असहज सवाल भी जरूर पूछे जाएंगे। मिसाल के तौर पर यह तो साफ लग रहा है कि जो लोग अमेरिका से वापस भेजे गए हैं उनमें से ज्यादातर ऐसे नहीं हैं, जो देश के भीतर आर्थिक संभावनाओं से पूरी तरह कटे हों। अक्सर वे देश के ज्यादा संपन्न हिस्सों से आते हैं और विदेश जाने के लिए लाखों रुपये आराम से दे सकते हैं फिर चाहे वे उसका इंतजाम कर्ज लेकर करें या परिवार की बचत से। फिर वे ऐसा खतरनाक रास्ता चुनते ही क्यों हैं?

उनमें से ज्यादातर लोगों का पंजाब से होना तो समझ में आता है क्योंकि वहां विदेश में कई साल बिताकर लौटना जीवन शैली ही बन गई है। लेकिन गुजरात से इतनी बड़ी तादाद में लोग क्यों गए, जिस राज्य को हम कई दशकों से संपन्न और प्रगति करता राज्य मानते आ रहे हैं? भारत के सबसे उन्नत इलाकों के इन युवाओं की हसरतें, अरमान और उम्मीदें टूट कैसे गई हैं? ट्रंप निर्वासितों के जितने ज्यादा विमान भारत भेजेंगे ये सवाल उतने ही ज्यादा जरूरी होते जाएंगे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## एडीएम ने सुरक्षित यातायात के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जननायक ब्यूरो



**बारां।** जिले में बेहतर यातायात के प्रबंधन और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन अतिरिक्त जिला कलक्टर दिवांशु शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की जिले में दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हित कर वहां रोकथाम की कार्रवाई प्रभावी ढंग से करें। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को अभियान चला कर अवैध वाहनों की जब्ती और खास तौर पर बाल वाहिनी और स्कूल बसों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में अंता मोड, किशनगंज, केलवाड़ा और शाहाबाद घाटी जैसे दुर्घटना संभावित स्थलों पर सड़क के गड्ढों को भरने यातायात संकेतक लगाने और पुलिस की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य केवल कागजी कार्रवाई न होकर धरातल पर सड़क सुरक्षा के मानकों को पूरा किया जाए। उन्होंने हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात प्रभारी को शहर में जैन मंदिर के आसपास एवं अटरू रोड पर मंडोला के पास जैसे स्थानों पर विपरीत दिशा में चलने वाले वाहनों के अधिक अधिक चालान बनाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को अवैध स्थलों पर की गई पार्किंग पर वाहनों को उठाने के लिए क्रेन की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र शेखावत, जिला परिवहन अधिकारी डॉ. कल्पना शर्मा, एसई पीडब्ल्यूडी राजवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# रीट पात्रता परीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

## निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

जननायक ब्यूरो



**बारां।** जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा रीट पात्रता परीक्षा को लेकर शुक्रवार को मिनी सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की। उन्होंने कहा परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जारी निर्देशों की शत प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए। जिला कलक्टर ने कहा कि रीट पात्रता परीक्षा पूर्ण जिम्मेदारी से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाई जाए तथा परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा कक्ष में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। रीट पात्रता परीक्षा के लिए जो समय निर्धारित किया गया हैए उसकी पूरी पालना हो तथा पेपर की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि परीक्षा से संबंधित गाइड़लाईन को भली प्रकार से अध्ययन कर ले।

उन्होंने कहा कि परीक्षा देने आ रही महिला अभ्यर्थियों से संबंधित दिए गए निर्देशों के अनुरूप महिला कार्मिक ही जांच करेगी। परीक्षा केन्द्र में निर्धारित ड्रेस कोड का ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि परीक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने कहा कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बल लगाए गए है तथा प्रत्येक केन्द्र पर महिला सिपाही भी उपस्थित रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मोबाईल व उड़नदस्तें भी निरन्तर गश्त करेंगे। परीक्षा केन्द्र में मोबाइल की अनुमति किसी को नहीं होगी। बैठक में अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें।

## उद्यमिता विकास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जननायक ब्यूरो

**झालावाड़।** केन्द्र द्वारा जनजातीय उप योजनान्तर्गत शुक्रवार को बाड़िया गोरधनपुरा गांव के भील जाति के 86 कृषक एवं कृषक महिलाओं को खाद्य प्रसंस्करण द्वारा उद्यमिता विकास पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. टीसी वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम के द्वारा भील जाति के लोगों को अपने उद्यम स्थापित कर आय अर्जित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रसार शिक्षा वैज्ञानिक डॉ. मौहम्मद युनुस ने कृषकों को खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रसंस्करित उत्पाद की पौष्टिकता के महत्व को समझाया तथा कहा कि अपनी आय को बढ़ाने में मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण कारगर साबित हो सकता है। डॉ. युनुस ने उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न स्थानीय फसलों में किए जाने वाले मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण से बनाए जाने वाले उत्पाद जैसे भूना चना, दाल, बेसन इत्यादि के बारे में सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को गृह वाटिका विकसित करने के लिए किचन गार्डन किट वितरित किए गए। जिसमें 11 प्रकार की सब्जियों के बीज उपलब्ध थे।

केन्द्र की गृह वैज्ञानिक डॉ. तुलिका आचार्य ने प्रतिभागियों को फल-सब्जी, दलहन एवं तिलहन फसलों में खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा उपस्थित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में लावासल ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी ने कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रयासों के साथ तालमेल बैठाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और गृह वाटिका विकसित करने के लिए जोर दिया।

## एलपीजी सिलेंडर दुरुपयोग पर निरंतर की जा रही कार्रवाई

जननायक ब्यूरो

**बारां।** जिला रसद अधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के समसंख्यक पत्रांक 10 सितंबर एवं 19 सितंबर 2024 की पालना में जिले में एलपीजी दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध संचालित अभियान के अंतर्गत रसद विभाग के प्रवर्तन अधिकारी देवाराम सारण के नेतृत्व में गठित संयुक्त जांच दल द्वारा बारां शहर में सिद्धार्थ कॉफी हाउस कोटा रोड, पंडित स्वीट्स एवं नमकीन मंडी के सामने, रचना पवित्र भोजनालय बस स्टैंड, नामदेव भोजनालय बस स्टैंड पर औचक निरीक्षण कर प्रवर्तन कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सिद्धार्थ कॉफी हाउस से 2, पंडित स्वीट्स एवं नमकीन, मंडी के सामने से 6, रचना पवित्र भोजनालय से 2 एवं नामदेव भोजनालय से 2 घरेलू गैस सिलेंडर को एलपीजी सिलेंडर के दुरुपयोग के कारण जब्त किए गए। संयुक्त जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी देवाराम सारण के अलावा प्रवर्तन निरीक्षण रविन्द्र मीना शामिल रहें।

## जांच में अपात्र पाए जाने पर 28 राशनकार्ड धारकों को थमाए नोटिस

**बारां।** जिला रसद अधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अधिनियम.2013 के तहत गेहूं लेने वाले अपात्र व्यक्तियों द्वारा सक्षम होने के बावजूद राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में राशन सामग्री लेने वाले 28 राशन कार्ड धारकों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जा चुके है। जिले में अभी तक स्वेच्छा से 1205 व्यक्तियों द्वारा नाम हटवाए गए है। अपात्र एवं सक्षम व्यक्तियों से वसूली के लिए रसद विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। अपात्र लाभार्थियों की जांच करवाई जा रही है। जांच में अपात्र पाए जाने वालों को नोटिस जारी किए गए है। नोटिस का जवाब प्राप्त होने पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## वक्फ संशोधन बिल की प्रतियां जलाकर किया विरोध प्रदर्शन



**बारां।** अन्जुमन चौराहा पर एसडीपीआई ने शाम 7 बजे जो वक्फ संसोधन बिल केन्द्र सरकार ला रही है उसके खिलाफ राष्ट्रीय अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन किया और वक्फबिल की प्रतियां जलाई। वक्फ संशोधन बिल को रिजेक्ट करने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में जिला अध्यक्ष अब्दुल अजीज, जाकिर रंगरेज़, इफ्तखार अहमद बबलू, साहदत्त अंसारी, अलीम मंसूरी, पार्षद असलम अंसारी, सलामत हुसैन, सोएब सर्राफ, वसीम

## सौलंकी ने किया रक्तदान



जननायक ब्यूरो

**बारां।** रक्तवीर युवा टीम बारां जिलाध्यक्ष गोविंद सुमन ने बताया कि एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कैथोडी निवासी मरीज रामकैलाश जिनको एक्सीडेंट कैस में इमरजेंसी में एबी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी। परिजनों से व्यवस्था न होने पर गोविंद सुमन को सूचना मिलते ही टीम के जयदीप सोलंकी ने एक कॉल पर ब्लड बैंक पहुंचकर एबी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया। बारां निवासी योगेंद्र प्रजापति ने स्वेच्छा से बी पॉजिटिव रक्तदान किया।

## मुंशी एसोसिएशन अभिभाषक परिषद ने किया एडवोकेट नागर का स्वागत



**बारां।** मुंशी एसोसिएशन अभिभाषक परिषद ने संरक्षक सरदार सिंह नायक व उप संरक्षक नरेंद्र गौतम की अगुवाई में न्यायालय परिसर में एडवोकेट ललित नागर के अपर लोक अभियोजक बनने पर फूलमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। स्वागत करने वालों ओमप्रकाश पारेता अध्यक्ष, हरिशंकर शर्मा, महेश चतुर्वेदी उपाध्यक्ष, जोधराज गुर्जर मंत्री, ओमप्रकाश शर्मा संगठन मंत्री, सुरेश मेघवाल कोषाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण सेन, छीतरलाल सुमन सलाहकार, पंकज कुशवाह, लीलाधर गुर्जर प्रचार मंत्री, सतीश जाटव, पवन नागर, जोनी ऐरवाल, मो. अजहर, तरूण नामा, शामीन मो., मो. शाद, सुरेंद्र गुर्जर, कार्तिक मीणा, दुष्यंत त्रिपाठी, अमन सिंह बैरवा, महेंद्र कुमार मीणा आदि शामिल रहे।

## विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी

**बारां।** सहायक अभियंता शहर विद्युत विभाग अनुराग शर्मा ने बताया कि 15 फरवरी, शनिवार को 132 केवी रेलवे लाइन के विद्युतीकरण के कार्य के चलते उपखंड के अधीनस्थ 33/11 केवी उपकेंद्र बाबजी नगर से संबंधित क्षेत्र तेल फैक्ट्री, नाकोड़ा कॉलोनी, रिद्धिका कॉलोनी, बाबजी नगर, आमापुरा, कोटा रोड, धान मंडी क्षेत्र, कॉलेज रोड, उत्तम कॉलोनी आदि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक बंद रहेगी।

# हंगामेदार बोर्ड बैठक में 42 करोड़ का बजट पास

## छाया रहा सफाई का मुद्दा



बैठक में मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष कराड़, पार्षदगण और अधिकारी।

**जननायक संवाददाता**

**केशवरायपाटन।** नगर पालिका सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल कराड़ की अध्यक्षता में प्रस्तावित बजट के लिए बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ। हंगामादार इस बैठक में 42 करोड़ 41 लाख का बजट का प्रस्ताव लिया गया। बैठक में पार्षद बद्रीलाल नगर ने कहा कि 4 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी विकास कार्य ठप्प पड़े हुए हैं। नगर पालिका में हमारी कोई सुनवाई नहीं होती है। इस वर्ष आयोजन होने वाली इस बैठक में भी किसी भी तरह के विकास कार्यों का कोई एजेंडा नहीं है। सब्जी मंडी में कई वर्षों से दुकान बनकर तैयार है। पर अभी तक भी सब्जी विक्रेताओं को इन दुकानों का आवंटन नहीं हुआ है। जिससे नगर पालिका के राजस्व का नुकसान हो रहा है। पार्षद राजेश सैनी ने झरणीय बस्ती में पानी की पाइपलाइन नहीं होने तथा शमशान में बिजली व्यवस्था नहीं होने के कारण उत्पन्न समस्याओं से अवगत करवाया। पार्षद जाकिर शेख ने कचरा संग्रहण केंद्र पर पड़े लाखों रुपए के कबाड़ व अन्य सामानों को नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा मिलीभगत कर बेचने का आरोप लगाया। पालिका कर्मचारियों पर राजराजेश्वर रोड पर बन रही अवैध कॉलोनी में मिलीभगत कर कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया। पार्षद उमेश मीणा ने कहा कि इस वर्ष के कार्तिक मेले के खर्चे के बारे में पालिका द्वारा कोई भी ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया गया है तथा कई भुगतान गुपचुप तरीके से कर दिए गए हैं। हमारे वार्डों में बिना हमसे पूछे कार्य किया जा रहे हैं। पार्षद मीणा ने कहा कि पुराने सामानों को बेचकर वहीं समान मिलीभगत कर पुनः खरीदे जा रहे हैं। वेध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तथा अवैध कॉलोनी को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। कोई भी सफाई कर्मचारी किसी भी पार्षद की सुनवाई नहीं करता है। पार्षद तुषार शर्मा ने कार्तिक मेले में पालिका कर्मचारियों पर लाखों रुपए के गबन का आरोप लगाया। पार्षद श्यामा बाई ने सब्जी मंडी में बंद महिला शौचालय को पुनः चालू करने की मांग की। पार्षद हरजीत केवट ने नगर पालिका में स्थित फायर ब्रिगेड गाड़ी को छोटा बताकर बड़ी फायर ब्रिगेड गाड़ी खरीदने का सुझाव दिया।

पार्षद रामनारायण मेघवाल ने कहा कि कस्बे में कर्मचारी या तो सफाई नहीं करते हैं और करते भी हैं तो उस कचरे को वहीं छोड़ देते हैं। पार्षद भोजराज गुर्जर ने वार्डों में स्थित शौचायलयों के गेट नहीं होने की बात कही। वार्ड पार्षद राम सिंह गुर्जर ने अब तक हुए विकास कार्यों का ब्यौरा देने के लिए कहा। कचरा संग्रहण के नाम पर कस्बे वासियों से पैसे लिए जा रहे हैं। इसके बावजूद भी कस्बे में कचरे के ढेर लगे हुए हैं। पार्षद शुभम शर्मा ने कहा कि नगर पालिका में वर्तमान में करीब 180 सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके बावजूद भी नगर में सफाई व्यवस्था चौपट हो रही है। संवेदक शौचालय के मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए उठा रहा है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने सभी समस्याओं को का जवाब देते हुए कहा कि 30 दिन में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करवा कर खराब पड़े सभी सफाई टिप्परों को सहीं करवा दिया जाएगा। नगर में दो प्रवेश द्वार बनाए जाएंगे। सभी शौचायलयों की रिपेयरिंग व सफाई के लिए जल्द ही आदेश जारी किए जाएंगे। नगर पालिका में प्रस्तावित 42 करोड़ 41 लाख का बजट ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

## ऊर्जा मंत्री नागर आज सांगोद दौरे पर

**जननायक संवाददाता**



**सांगोद।** राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर शनिवार दोपहर 1 बजे, सब्जी मंडी स्थित नगर पालिका डोम में जनसुनवाई करेंगे। मंत्री के निजी सहायक शैलेंद्र चौहान ने बताया कि आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जनसुनवाई के आयोजन के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं विस्तृत रूपरेखा दे दी है। वहीं नगर पालिका सांगोद में लगभग 1 करोड़ लागत की विभिन्न सड़कों का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास, नगर पालिका सांगोद में विभिन्न नालों के निर्माण का शिलान्यास, पालिका सांगोद में मेन रोड़ से खराड़ा के हनुमान मन्दिर तक सीसी सड़क का निर्माण कार्य का लोकार्पण आदि शामिल है।

## पुलवामा के शहीदों व महाकुंभ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं को दी श्रद्धांजलि



**जननायक संवाददाता @ सांगोद।** कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में अपनी जान गंवाने वाले शहीदों व महाकुंभ की भगदड़ में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं को सांगोद मंडल व नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलवामा हमले में क्षेत्र के हेमराज मीणा भी शहीद हुए थे। नगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सुवालका, मंडल अध्यक्ष असरार अहमद, राजेंद्र गहलोत ने सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुलवामा हमले की जांच की भी मांग की। साथ ही महाकुंभ की भगदड़ में अपनी जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं को भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सलीम अंसारी, सत्यप्रकाश शर्मा, मिर्जा शकील बैग, बृजराज मीणा, शहजाद खान, मुसव्विर खान, अंकुश शर्मा, मोहम्मद शरीफ, सिद्धार्थ मीणा, इरशाद मिस्त्री, इसराइल अंसारी, दौलतराम मेघवाल, इकबाल सिंगीवाला, राधेश्याम बैरवा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**जननायक संवाददाता @ रामगंजमंडी।** सुकेत कस्बे के बैरवा मोहल्ले में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।



जिसमें मोहल्ले वासियों व कस्बे के लोगों ने साथ मिलकर शहीदों के चित्र के सामने दीपक जलाकर व उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कालू बैरवा ने लोगों को शहादत की इस घटना से अवगत करवाया। सरपंच गौरीशंकर गहलोत ने कहा कि हमारी व देश की रक्षा के लिए हंसते.हंसते जो अपने प्राण न्योछावर कर देते हैं ऐसे शहीदों को हमेशा नमन है। इस दौरान कालू बैरवा, सूरज मेहर, नवीन राणा, गौरीशंकर गहलोत, ओमप्रकाश, नरेश मेहरा, कैलाश गहलोत, बबलू बैरव, दीपक महावर, गजेंद्र खटीक और राहुल राणा उपस्थित रहे।

## जांच शिविर में 422 विद्यार्थियों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**जननायक संवाददाता @ सांगोद।** पीएम श्री राउमावि, सांगोद में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश बैरवा ने बताया कि शिविर में राजकीय काशीपुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांगोद से मेडिकल टीम में डॉ. रविकान्त मीणा, डॉ. चेतन सुवालका, मो. तौफीक, गोविन्द प्रसाद, कपिल कुमार, मो. आबिद, दुर्गेश गालव, रामकुमार त्यागी, नवधा शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं बीमारियों से ग्रसित बच्चों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया गया। कैम्प में 422 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों को जल्दी उठनेए खुद को स्वस्थ रखने के लिए अभिप्रेरित प्रेरित किया गया। योगा टीचर नवधा शर्मा ने बच्चों को योगा के बारे में बताया। अंत में प्रधानाचार्य ने आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पूर्व केबिनेट मंत्री सिंह ने किया औचक दौरा

**जननायक संवाददाता @ सांगोद।** पूर्व केबिनेट मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर ने सांगोद पहुंचकर जन समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर चर्चा की और कुछ मामलों में नाराजगी भी जाहिर की।



भरत सिंह शुक्रवार को औचक दौरे पर सांगोद पहुंचे। पंचायत समिति व ग्राम पंचायत के परिसीमन के राज्य सरकार के आदेश को पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों पर अब तक चस्पा क्यों नहीं करवाने पर नाराजगी जाहिर की। इसके बाद पुलिस उपअधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस उप अधीक्षक अभय कुमार से मिलकर सांगोद थाना अधिकारी की एकतरफा, भेदभावपूर्ण कार्य शैली को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद उपखंड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम सपना कुमारी के वहां मौजूद न होने पर उनसे दूरभाष पर वार्ता की। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष असरार अहमद भी साथ में मौजूद रहे।

## महाकुंभ से लौटे यात्रियों का किया स्वागत



**जननायक संवाददाता @ बड़ौद।** क्षेत्र के कचोलिया गांव में 56 यात्रियों का जत्था महाकुंभ में स्नान करके वापस लौटा। सभी का माला पहनाकर सुल्तानपुर प्रधान कृष्णा शर्मा ने स्वागत सम्मान किया। इन्द्रराज मीणा के नेतृत्व में सभी दर्शनार्थी महाकुंभ में होकर आए है। इस दौरान डॉ. एलएन शर्मा, भुवनेश, सोनू सनाढय, पुष्पचन्द मीणा, राजेन्द्र मीणा, रामेश्वर मीणा, बंशीलाल मीणा, चौथमल प्रजापत, जगदीश प्रजापत, किशनलाल नायक, गिरराज मीणा, हरिओम मीणा, बाबूलाल मीणा व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक बनने पर किया स्वागत

**जननायक संवाददाता @ नैनवां।** अधिवक्ता रामविलास साहू को प्रमुख शासन सचिव विधि बृजेंद्र जैन ने आदेश जारी कर अपर जिला एवं सेशन न्यायालय नैनवां में अपर लोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक



नैनवां के पद पर नियुक्त किया। अधिवक्ता रामबिलास की नियुक्ति को लेकर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ता देवेंद्र कुमार जैन, अभिभाषक परिषद अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, अधिवक्ता जिनेंद्र जैन, रामबाबू शर्मा, अतुल कुमार जैन, महावीर कारपेंटर, फतेहसिंह, रामस्वरूप नागर मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जननायक संवाददाता @ नैनवां।** उपखंड कार्यालय के सामने खानपुरा एवं टोपा के ग्रामीणों का नगर पालिका में शामिल करने के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को आठवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को नैनवां प्रवास पर आए जिला कलक्टर को ग्रामीणों ने धरने से पंचायत समिति कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ग्रामीण धरना स्थल से रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट पर लगभग डेढ़ घंटे तक धरना देकर जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया। जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया तथा उपखंड अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त कर वास्तविक वस्तु स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

## एक ही दिन में जारी दो आदेश बने चर्चा का विषय

### अधिशासी अधिकारी ने किया कनिष्ठ सहायक को कार्यमुक्त, तो पालिकाध्यक्ष ने आदेश किया निरस्त

**जननायक संवाददाता**

**नैनवां।** स्वायत शासन विभाग के आयुक्त के आदेश पर नगरपालिका के स्थानान्तरणधीन कनिष्ठ सहायक तुलसीदास को रिलीव करने के शुक्रवार को जारी आदेश को पालिकाध्यक्ष ने निरस्त कर दिया। स्वायत शासन विभाग के निदेशक व विशिष्ठ शासन सचिव इंद्रजीतसिंह ने गुरुवार को आदेश जारी कर विभाग द्वारा स्थान्तरण किए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने के निर्देश दिए थे। अधिशासी अधिकारी मोतीशंकर नागर ने शुक्रवार को कनिष्ठ सहायक को स्थानांतरण स्थान के लिए कार्यमुक्त कर दिया। कनिष्ठ सहायक तुलसीदास का आयुक्त व शासन सचिव ने 15 जनवरी को नैनवां से ब्यावर नगर परिषद में स्थानान्तरण कर रखा है। इधर नगरपालिका की अध्यक्ष सरिता नागर ने शुक्रवार को दूसरा आदेश जारी कर अधिशासी अधिकारी द्वारा कनिष्ठ सहायक तुलसीदास के कार्यमुक्त करने के लिए जारी किए आदेश को आगामी आदेश तक निरस्त कर दिया।

पालिकाध्यक्ष ने आदेश में लिखा है कि उक्त कार्मिक द्वारा भूमि शाखा, लेखा शाखा एवं केश शाखा का कार्य किया गया था। लेकिन कार्मिक द्वारा आदान प्रदान चार्ज नहीं दिया गया। जिसके कारण संबंधित शाखा के कार्य प्रभावित हो रहे है। उक्त कार्मिक को तीन दिन में संपूर्ण चार्ज आदान प्रदान करने को निर्देशित किया गया है।

**बोर्ड बैठक में भी उठा था मामला** - पालिका की आयोजित बोर्ड की बैठक में भी पार्षदों ने मामला उठाया था की जिन पालिका कार्मिकों का स्थानांतरण हो गया उनको तुरंत प्रभाव से कार्यमुक्त करो।

## पुलिस ने शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**जननायक संवाददाता**



**लाखेरी।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पिछले 9 जनवरी को साईजी का तकिया मोहल्ले में सोमेश राठौर पुत्र भानु राठौर के घर से दिनदहाड़े अज्ञात चोर जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर लाखेरी थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं आम सूचना के आधार पर चोरी करने वाले ग्राम करवर निवासी अर्जुन नायक एवं शाहरुख उर्फ बाऊजी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पूछताछ में दोनों चोरों ने लाखेरी में अन्य चोरियां करना भी कबूल किय। पुलिस ने चोरों के पास से सोने चांदी के आभूषण एवं नकदी बरामद की। साथ में मोटरसाइकिल भी जब्त की। लाखेरी थाना अधिकारी सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया दोनों चोर आदतन अपराधी हैं। इनके ऊपर आसपास के थानों में कई केस दर्ज हैं।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण, कानून व्यवस्था को लेकर की बैठक

### पेंडिंग केस निस्तारण के दिए निर्देश

**जननायक संवाददाता**

**रामगंजमंडी।** थाना और पुलिस चौकियों का शुक्रवार को कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को लेकर शहर के थाने में पुलिस उप अधीक्षक घनश्याम मीना और सीआई मनोज सिकरवार के साथ बैठक की। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड आदि का निरीक्षण कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

वही पेंडिंग मामलों के जल्द निस्तारण को लेकर भी निर्देश दिए गए। इसके बाद उन्होंने फरियादियों से थाने की कार्यशैली की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक शंकर शाम 5 बजे खैराबाद पुलिस



पुलिस अधिकारियों से चर्चा करते ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर।

चौकी पहुंचे। जहां कानून व्यवस्था की जानकारी ली। कस्बे में गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि थाने में आने वाले फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए और समय पर निराकरण किया जाए। उन्होंने थाने में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शंकर ने पुलिस को आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहने के लिए प्रेरित किया। वही पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को जाना और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## धूमधाम के साथ मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, फूलों से होली खेली



**जननायक संवाददाता**

**सांगोद।** डूंगरपुर ग्राम में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्म बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की भजन से सारा पंडाल गूंज उठा।

कथा के दौरान श्रीराम-जानकी की विवाह की मनोहर झांकी सजाई गई। कथा वाचक ने श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। पंडित मुकुट बिहारी शास्त्री ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है। तब तक ईश्वर को नारायण से नर रूप धारण करना पड़ता है और पृथ्वी का भार उतारते हैं।

उन्होंने कहा कि जहां निर्मल मन सच्ची श्रद्धा होती है। वहां हमेशा उत्सव होते हैं और परमात्मा की प्राप्ति होती है। कथा के दौरान गौ सेवा का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि जिस घर में गौ माता होती है उसे घर में वास्तु दोष नहीं होता। सूरजमल नागर ने बताया कि कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान मखाने, बिस्किट, खिलौने बांटे गए। गुलाब के फूलों से बृज की होली खेली गई।

## घर पर खड़ी कार का टोल प्लाजा ने काटा टोल, शिकायत दर्ज करवाई

**जननायक संवाददाता**

रामगंजमंडी। सुकेत में शुक्रवार को घर पर खड़ी कार का टोल कटने का मामला सामने आया है। कस्बे से 40 किलोमीटर दूर स्थित भवानीमंडी टोल प्लाजा से करीब 1.30 बजे कार मालिक को मैसेज प्राप्त हुआ। जिसके बाद कार मालिक ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल फ्री नम्बर पर टोल प्लाजा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कार मालिक इमरान ने बताया कि पिछले 3 दिन से कार घर में खड़ी हुई है। शुक्रवार को सुबह ही काम के लिए बाइक से निकल गया था। दोपहर करीब डेढ़ बजे भवानीमंडी टोल प्लाजा का मैसेज आया। जिसमें कार के फास्टैग से 40 रुपए काटे गए थे। इसके बाद टोल फ्री नम्बर पर शिकायत दी है। जिन्होंने अगले 7 दिनों में रिफंड करने को कहा है। पूर्व में भी रामगंजमंडी क्षेत्र में घर में खड़े वाहनों का टोल कट चुका है। टोल प्लाजा कर्मचारियों को इस बारे में अवगत करवाने पर कर्मी बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लेते है।

## 25 दिन से सूखी पड़ी धनसुरी व बम्बूलिया रावतान माइनर

**जननायक संवाददाता**

**बड़ौद।** क्षेत्र के धनसुरी माइनर टेल तक 25 दिन से पानी नहीं आने से किसानों की चिन्ता बड़ गई है। पानी का जल स्तर कम हो रहा है। जिससे किसान बार-बार नहरों के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों ने बताया है कि नहरों में सफाई नहीं होने के कारण टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अत्यधिक किसानों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई किसान तो 50 दिन से भी ऊपर पानी देने से वंचित रह गए है। गेहुं की फसल दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। समय पर पानी नहीं मिला तो फसलों को नुकसान होने की आशंका है। सिंचाई विभाग से किसानों ने मांग कि है कि धनसूरी माइनर में जल स्तर को बढाया जाए।

## चेक अनादरण मामले में एक वर्ष का कारावास

**जननायक संवाददाता**

**आंतरदा।** न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनवां अल्का मीणा आरजेएस ने चेक अनादरित मामले में सुनवाई करते हुए अपराध में दोष सिद्ध होने पर आरोपी रामराय पुत्र मोतीलाल निवासी कांकरिया तहसील नैनवां जिला बूंदी को एक वर्ष साधारण कारावास एवं उधार ली गई राशि प्रतिकर अधिरोपित से दण्डित किया गया। परिवादी ओम प्रकाश पुत्र मदनलाल जैन की ओर से वकालत कर रहे अधिवक्ता कन्हैया लाल गुर्जर ने बताया कि आरोपी रामराय ने परिवादी ओम प्रकाश से सन 2017 में तीन लाख रुपए उधार लिए थे। वहीं अदायगी के लिए एक चेक जारी किया था। उक्त चेक को बैंक ने खाते में अपर्याप्त राशि बताते हुए मय रिटर्न मेमो अनादरित कर दिया था। मामले में दायर परिवाद में अभियुक्त रामराय पर दोष सिद्ध होने पर न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनवां ने अभियुक्त से उक्त राशि प्रतिकर 448800/- अधिरोपित करने एवं 1 वर्ष के साधारण कारावास से दण्डित किया गया है।

## कथित संस्था की वैधता की पुलिस ने शुरू की जांच

**जननायक संवाददाता @ नैनवां।** बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने कथित अवैध बजरी खनन को रोकने वाली संस्था के अवैध होने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने भी संस्था की वैधता की जांच शुरू की है। विधायक हरिमोहन शर्मा ने मीडिया को बताया कि बूंदी जिले कथित खनन रोकने का काम कर रही संस्था अवैध है। उन्होंने कहा कि संस्था को खनन से भरे ट्रक व ट्रैक्टर ट्रॉली रोकने का अधिकार नहीं है। ऐसे वाहनों को पकड़ने का अधिकार पुलिस व खनिज विभाग को हैं। यह संस्था खनिज से भरे वाहनों को मनमर्जी से रोकती है। पुलिस की जिम्मेदारी है कि इस प्रकार की गतिविधियों को रोके। शर्मा ने मांग की है कि पुलिस निष्पक्ष जांच करे और मुकदमा दर्ज करें। किसी भी संस्था को कानून हाथ मे लेने का अधिकार नही है। सीआई कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि पर्यावरण दृष्टि संस्था की वैधता की जांच की जा रही है। संस्था से अधिकृत पत्र दस्तावेज मांगे हैं।

## शिविर में 72 यूनिट रक्त एकत्र



शिविर में रक्तदान करते युवा।

**जननायक संवाददाता**

**सीमलिया।** कस्बे में शुक्रवार को पंडित स्व. राधेश्याम शर्मा की 14 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह से रक्तदान किया। नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया की कस्बे में दिल की हेल्पलाइन समाजसेवी संस्था के नेतृत्व में ममता कृषि यंत्र पर सुबह 10 से 5 बजे तक आयोजित रक्तदान शिविर में 72 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ।

सीमलिया व्यापार संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि आज के समय में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। इस मौके पर नमोनारायण पारीक, जसप्रीत छाबड़ा, इंद्रकुमार खंडेलवाल, महावीर नागर, दिनेश मेहरा, गोविंद नागर, सतीश शर्मा, मनोज नागर, कोमल पारीक, किशन नागर, दिनेश वैष्णव, जय प्रकाश गोचर, विष्णु सुमन, सुरेश मीणाए मौजूद रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस



**जननायक संवाददाता**

**मंडाना।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मातृ-पितृ पूजन दिवस के बिंदुओं पर प्रकाश डाला। शिक्षक लेखराज ने कहा कि समाज या देश का बच्चों के प्रति दायित्व। शिक्षक अर्जुन ने बच्चों का अपने परिवार व समाज के प्रति दायित्व, शिक्षिका उर्मिला चित्तौड़ा ने माता-पिता के अपने बच्चों के प्रति दायित्व, छात्रा साक्षी ने प्रेरक प्रसंग तथा छात्र अविका व आस्था ने कविता की प्रस्तुति दी। इसके बाद विद्यालय में उपस्थित अभिभावकों का उनके बच्चों ने माला तिलक लगाकर तथा मौली बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया। अभिभावक हरिओम गौतम ने भी उद्बोधन दिया। अंत में प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। मिथिलेश ने माता-पिता पर कविता के माध्यम से समापन की घोषणा की।



**रामगंजमंडी।** राउप्रावि कोलाअहिरान में मातृ-पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। दिनेश मेघवाल ने बताया कि मातृ-पितृ पूजन दिवस की शुरुआत 2007 में वैलेंटाइन डे के रूप में हुई थी। यह माता और पिता के लिए संस्कृत शब्दों पर आधारित है। मेघवाल ने बताया कि अक्टूबर 2024 में अंडर 14 वर्षीय 68वी जिला स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट में विद्यालय के द्वारा क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया था। जिस पर सभी खिलाड़ी विद्यार्थियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ में रामस्वरूप राठौर, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश महावर, नरेश मालव, राजेश सैनी, राजेश कुमार, धर्मवीर, अंजू नागर, सविता वर्मा सहित ग्रामवासी सियाराम अहीर, बालमुकुंद, शोभाराम अहीर, सांवरिया मेघवाल, सुरेंद्र वैष्णव, लालु अहीर, आनंदीलाल, हंसराज सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## विद्युत संबंधी कैंप का आयोजन आज व कल

**जननायक संवाददाता @ सांगोद।** अधीक्षण अभियन्ता कोटा वृत, कोटा के आदेश की पालना में उपभोक्ता राहत कैंप का आयोजन किया जाएगा। सहायक अभियंता जयपुर डिस्कॉम (विद्युत) प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि उपभोक्ता राहत कैंप का समय सुबह 10 से सांय 5 बजे तक रहेगा। जिसमें पीएम सूर्यघर योजना, बिल संबंधित कार्य, बिल संग्रहण व दुरस्तीकरण मीटर संबंधित शिकायत व अन्य शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा। उपखंड में उपभोक्ता कैंप की तारीख निम्न प्रकार से रहेगी। जिसमें कनवास, सांगोद के मंडाप व बपावर में 15 फरवरी शनिवार को, वहीं देवली, अडूसा व कमोलर में 16 फरवरी को उपभोक्ता शिविर आयोजित होगा।

## सार-संक्षेप

### शांति समिति सदस्यों की बैठक सम्पन्न



**चौमहला।** झालावाड़ पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने गंगधार थाना पहुंचकर थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। जिसमें व्यापार संघ और प्रयास ग्रुप ने पुलिस अधीक्षक का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक को गॉर्ड ऑफ आर्नर दिया गया। जिसके बाद बैठक में मौजूद सदस्यों द्वारा पुलिस अधीक्षक को विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। बैठक में थाने में स्टाफ की कमी और नगर में ट्रैफिक व्यवस्था मुख्य मुद्दे रहे। साथ ही साइबर ठगी पर चर्चा हुई। व्यापार संघ के सहयोग से हेलमेट वितरण किया गया। जिसमें आमजन में ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूकता बढ़े। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने विभिन्न मुद्दों पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। बैठक में उपखंड अधिकारी छत्रपाल चौधरी, गंगधार पुलिस उपाधीक्षक जयप्रकाश अटल, गंगधार थाना अधिकारी अमरनाथ जोगी, उन्हेल थाना अधिकारी रामकरण कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौतम ओसवाल, अशोक भंडारी, गंगाधर सरपंच कालू सिंह, अशोक गायरी, चौमहला सदर अमजद खान, गंगधार सदर सलीम खान, पंसस नरवर सिंह, आदित्य कटारिया, दिलीप मोरी, किशोर सिंह बिशनिया, सुरक्षा सखी गुणमाला पिछोलिया, पिंकी डोसी, विनीता जैन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### होली खेले रघुबीरा अवध में -साध्वी प्रियंका भारती



**छबड़ा।** पंचायत समिति के ग्राम पंचायत भूलोन के ग्राम नियामतपुर में नरवर शिवपुरी की साध्वी प्रियंका भारती के श्रीमुख से चल रही श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस के अवसर पर भगवान श्रीराम-जानकी विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजक परिवार सदस्य केदार सुमन ने बताया की कथा में साध्वी ने भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र से संबधित कई मार्मिक प्रसंग सुनाये। जिन्हे मनुष्य को अपने जीवन मे अवश्य उतारना चाहिए एवं भगवान की शिक्षा दीक्षा के बारे में बताया। कथा में बृज व अवध का होली महोत्सव भी मनाया गया। जिसमें सभी भक्तों ने खूब आंनद लिया।

### बीजासन माता मेले का विधिवत समापन



**छबड़ा।** गुगोर गांव में चल रहे पाक्षिक बीजासन मेले का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी रहे। सरपंच राजेंद्र खारोल ने मेला समाप्ति की विधिवत घोषणा करते हुए पुलिस व प्रशासन का आभार जताया। वक्ताओं ने कहा कि मेलों का आयोजन धार्मिक मान्यताओं का स्मरण करने के लिए किया जाता है। मेला आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाता है। मेला समापन बाद भी दुकानदारों ने दुकानें हटाना अभी शुरू नहीं किया है। इस अवसर पर सरपंच राजेन्द्र खारोल, ग्राम विकास अधिकारी गिरीराज मौजूद रहे। मेले में राजस्थान ही नही मध्यप्रदेश के श्रद्धालु उमड़े। जिससे यहां लगी दुकानों पर भीड़ लगी रही। माता के दर्शनों को ललायित श्रद्धालुओं ने घंटों तक लाईन में लग मां बीजासन से कामना की।

### पुण्य स्मृति में सेवा कार्य आज से

**झालावाड़।** योगेन्द्र शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि एवं विद्या देवी शर्मा के पुण्य स्मरण में शनिवार से दो दिवसीय कार्यक्रम का आगाज होगा। इस अवसर पर समाजसेवा, आध्यात्म और स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री विद्या देवी योगेन्द्र शर्मा चेरेटिबल ट्रस्ट के अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने बताया कि योगेन्द्र शर्मा अपने सभी सेवा कार्यों को प्रभु के चरणों में समर्पित करके किया करते थे। अतः शनिवार शाम 5 बजे 151 सुंदरकांड पाठ का अनुष्ठान होगा। दूसरे दिन 16 फरवरी, को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली झालावाड़, बारां व कोटा की 40 से अधिक संस्थाओं को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मनोज शर्मा ने बताया कि यह आयोजन योगेन्द्र शर्मा के सेवा कार्यों को याद करने के लिए किया जा रहा है।

### सड़क की मरम्मत को लेकर प्रशासन मौन

**भवानीमंडी।** पचपहाड़ नगर के बीचों बीच भेसोदा दरवाजे के समीप



सड़क करीब 1 वर्ष से क्षतिग्रस्त है। जिससे आमजन परेशान हो रहा है। शिकायत करने पर आमजन को नगरपालिका द्वारा हमेशा 3-4 दिन कह कर टाल दिया जाता है। वहीं यहां आए दिन हादसे होते रहते है। बच्चे, बुजुर्ग लोग यहां कई बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। वहीं कई वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके है। परंतु नगरपालिका इस क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत को लेकर जरा भी गंभीर नहीं है।

### ऑनलाइन प्रक्रिया आमजन पर पड़ रही है भारी

**बारां ।** सरकार ने आमजन की सभी सुविधाओं को जब से ऑनलाइन प्रक्रिया में शामिल किया है। तबसे आमजन मुसीबत में फंसा हुआ है। सरकार द्वारा छोटी से छोटी प्रक्रिया को ऑनलाइन प्रक्रिया में शामिल कर लोगों को दर दर भटकने पर मजबूर कर दिया है। लोग दिन भर भूखे प्यासे ई-मित्र कियोस्क पर दस्तावेज ऑनलाइन होने के इंतजार में बैठे रहते हैं। पर सरकारी पोर्टल ठीक से नहीं चलने के कारण बिना काम हुए ही मायूस होकर घरों पर लौटना पड़ता है और सवेरे से ही फिर यही उम्मीद लेकर ई-मित्र कियोस्क पर आकर बैठ जाते हैं। इस प्रकार की समस्या से सभी चाहे वह नरेगा श्रमिक हो या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही आमजन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी हो। साथ ही किसानों के लिए भी बहुत बड़ी समस्या का कारण बना हुआ है। किसानों के लिए बैंकों द्वारा दिए जाने वाले ऋण की सुविधाओं के बदले राजस्व भूमि को रहन दर्ज करवाने की प्रक्रिया में कई दिन लग जाते हैं।

### लहसुन मण्डी

लहसुन मण्डी हरनावदा जागीर, छीपाबड़ौद में शुक्रवार को भाव निम्न रहे। नया ऊटी लहसुन 5000 से लेकर 8500 रुपए प्रति क्विंटल से बिका। कुल आवक 36 कट्टी की हुई।

# धरती के स्वर्ग है माता-पिता : गोचर

जननायक संवाददाता

**छीपाबड़ौद।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर केलखेड़ी छीपाबड़ौद में मातृ-पितृ पूजन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आशीष मालव ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वेदाचार्य दीपक शर्मा ने बताया कि आज माता-पिता के प्रति समर्पण का दिन है। माता-पिता प्रत्यक्ष रूप से ईश्वर के रूप हैं। हमें उनके आदर्श सम्मान के साथ उनका पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोचार के साथ भैया बहिनों ने अपने माता-पिता के चरण पखार कर उनकी आरती उतारी। अंतः में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर पुलवामा हमले में शहीद 44 सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गोचर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माता पिता ईश्वर तुल्य माना जाता हैंए। माता पिता का सम्मान करते हुए पूजन करना चाहिए।




### मातृ-पितृ दिवस मनाया

**छबड़ा।** विद्या भारती शिक्षा संस्थान बारां द्वारा संचालित मदनलाल भवानीशंकर गुप्त बालिका आदर्श विद्या मंदिर छबड़ा विद्यालय में मातृ-पितृ दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य मनोरमा शर्मा ने बताया कि वंदना सभा में मातृ-पितृ पूजन का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें विद्या मंदिर की बहिनों ने अपने अपने माता-पिता के तिलक वंदन माल्यार्पण एवं आरती उतार कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर अभिभावक अजय भार्गव, सुरेन्द्र नागर विकास के लिए राशी देने की घोषणा की। प्रमोद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेन्द्र नागर, अध्यक्षता अजय भार्गव सहपत्नी एवं विशिष्ट अतिथि मंजू नागर, अभिभावक कमल शर्मा, राजमल मीणा, नीलू गुर्जर, महावीर गौचर, जीतू साहू, हनुमान बैरवा, द्रोपदी लोधा, ज्योति लोधा, उपस्थित रहे। वहीं पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया

अंता। राउमावि नियाना में मातृ पितृ पूजन दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के अभिभावकों, माता पिता को आमंत्रित किया गया था। शिक्षक नरेश नागर ने बताया कि बच्चों के माता-पिता के साथ में हर्ष और उल्लास से मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष सुनीता शाक्यवाल प्रधानाचार्या ने बौद्धिक देते हुए बताया कि माता.पिता एक ऐसा गुरु है जिसके कर्ज को जीवन में कभी भी नहीं चुकाया जा सकता है। धारासिंह, आफाक कुरेशी, प्रेम सुमन, दशरथ शर्मा, गुंजन बंसल ने माता पिता की सेवा करने की सलाह दी।







### मातृ पितृ का किया पूजन

मनोहरथाना। मातृ पितृ पूजन दिवस के अवसर पर स्वीप गतिविधि पाती मां और पिता के नाम अन्तर्गत राउप्रावि, कुण्डीबेह के संस्था प्रधान भगवानदास सोनी ने नामांकित विद्यार्थियों के माता-पिता को विद्यालय में बुलवाया। सभी विद्यार्थियों को समारोह कक्ष में एकत्रित कर उनके माता-पिता को कुर्सी पर बिठाकर रोली चन्दन चावल से तिलक लगवाकर उनके चरण स्पर्श करवाये। माता-पिता ने खुश होकर अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

बच्चों के माता-पिता ने इस गतिविधि को सराहा तथा यह शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना राज्य सरकार के कार्यक्रम को हर वर्ष मनाये जाने पर प्रसन्नता जाहिर की।

# शिविर में दो महिला कृषकों के मध्य समझाइश से करवाया खाता विभाजन

**झालावाड़।** एग्रीस्टैक योजना के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत दुर्गपुरा में किसान रजिस्ट्री शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत दुर्गपुरा के 250 से अधिक किसानों की ई-केवाईसी का कार्य किया गया एवं उनकी विशिष्ट फार्मर आइडी बनाई गई। जिले में आयोजित किए जा रहे किसान रजिस्ट्री शिविरों में जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने अधिक से अधिक खाता विभाजन करवाने के निर्देश पर दुर्गपुरा शिविर में आई दो महिला कृषकों के मध्य समझाइश करवाकर खाता विभाजन करवाया गया। उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण ने बताया कि शिविर में गीता बाई पत्नी राधेश्याम एवं शकुन्तला रानी पत्नी जगदीश चन्द में समझाइश करवाकर आपसी सहमति से उनकी 2.4026 हैक्टेयर भूमि का बंटवारा करवाकर दोनों को उनकी भूमि का विभाजन पत्र प्रदान किया गया। विभाजन पत्र प्राप्त होने पर दोनों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन झालावाड़ का आभार व्यक्त किया। वहीं गिरधरपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में 200 से अधिक किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई गई एवं सहमति से दो खाता विभाजन करवाए गए। इस दौरान पंचायत समिति झालरापाटन प्रधान भावना झाला, तहसीलदार नरेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# टीबी कैम्पेन कार्यक्रम का निरीक्षण

जननायक ब्यूरो

**झालावाड़।** सरकार से आये एनएचआरसी के सलाहकार डॉ. गुरुवीर सिहं एवं डॉ. रिचा शर्मा वरिष्ठ सलाहकार एवं दीक्षा फैलो एनएचआरसी ने जिले में चल रहे 100 दिवसीय टीबी कैम्पेन कार्यक्रम का निरीक्षण किया एवं उपजिला चिकित्सालय पर टीबी कैम्पेन संबंधित समस्त जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बकानी खण्ड स्थित नानोर में आयोजित हो रहे निक्षय शिविर का निरीक्षण किया गया। टीम के साथ डॉ. साजिद खान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी झालावाड़, डॉ. मुकेश बंसल जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे। 100 दिवसीय टीबी कैम्पेन निक्षय शिविर का आयोजन शुक्रवार को बकानी ब्लॉक की रिछ्वा पंचायत में किया गया ।



इस अवसर पर कार्यक्रम के अन्तर्गत वनरेबल पॉपूलेशन के सभी व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गयी। जिसके तहत पोर्टेबल एक्स-रे के माध्यम से 71 व्यक्तियों का एक्स-रे किया गया। जिसमें 22 एक्स-रे में एबनॉरमलटी पाये जाने वाले मरीजों का स्पूटम सेम्पल कलेक्ट कर सुनेल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर नोट करवाने के लिए भिजवाया गया। शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मुकेश बंसल ने मरीजों को टीबी रोग के प्रति जागरुक किया। साथ ही टीबी रोग की आईईसी का प्रदर्शन भी किया गया।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय मित्र योजना के तहत 6 निक्षय मित्रों ने टीबी के 19 मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की एवं शिविर में पधारे सभी गणमान्य नागरिक बंधुओं से निक्षय मित्र बनने एवं टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने की अपील की गयी। 15 फरवरी 2025 को बकानी ब्लॉक की खेरिया एवं टेकला पंचायत पर निक्षय शिविर का आयोजन किया जावेगा।

### नायक समाज महासम्मेलन को लेकर बैठक सम्पन्न

**अंता।** नायक जनजाति अधिकार संघर्ष समिति प्रदेश प्रभारी रोहित नायक सरकार ने बताया कि महासम्मेलन को लेकर जयपुर में बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्र नायक रहे। भंवरलाल देवली ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समाज की महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और नेतृत्व के अवसरों तक पहुंच प्रदान करना, उन्हें सशक्त बनाने और समतापूर्ण समाज बनाने के लिए जरूरी है। राजेंद्र नायक ने कहा कि नायक समाज द्वारा महासम्मेलन का आयोजन जयपुर की धरा पर रखा जाएगा। रोहित नायक ने कहा कि युवाओं को समाज के भविष्य के रूप में देखा जाता है। शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरणों में से एक है जिसका उपयोग व्यक्तियों और समुदायों को सशक्त बनाने के लिए किया जा सकता है। हेमंत नायक नागौर ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में राजाराम नायक, नानकराम नायक लबाना, भूराराम नायक, सुशील नायक उपस्थित रहे।

# शिक्षकों का गैर आवासीय प्रशिक्षण आयोजित



जननायक संवाददाता

**किशनगंज।** मुख्यालय के बीआरसी कार्यालय तेजाजी का डांडे पर निदेशालय साक्षरता एवं सतत् शिक्षा राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक के पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी गरडा, घट्टी, जलवाडा, कागला बमोरी, काकड़दा, करवरीकला, खल्दा, खण्डेला, ख्यावदा, किशनगंज, खांखरा, नाहरगढ़, पचलावड़ा के साक्षरता कार्य में लगे हुए पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, सर्वेयर, अध्यापक, स्वयंसेवी शिक्षकों का 1 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण ललित यादव कार्यवाहक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें दक्ष प्रशिक्षकों ने निरक्षर के पंजीयन, स्वयंसेवी शिक्षकों के पंजीयन, निरक्षरो के सिखाने की सामग्री आदि की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओमप्रकाश मेहता, प्रधानाचार्य चेतन शर्मा, प्रधानाचार्या सुनिता अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजना, प्रधानाचार्या राजवीर मीणा सहित पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी व अन्य शिक्षकों ने भाग लिया।

### अन्नपूर्णा रसोईयों की जांच की मांग



**झालावाड़।** शहर में संचालित अन्नपूर्णा रसोईयों पर दूषित भोजन खिला आमजन के स्वास्थ के साथ हो रहे खिलवाड़ की रोकथाम करने व जांच कर कार्रवाई करने को लेकर सुनील तिवारी ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा राज्य का कोई आमजन भूखा न सोए इसलिए न्यूनतम दर राशि 8/- प्रति व्यक्ति को अन्नपूर्णा रसोई संस्था द्वारा संचालित करवा गुणवत्तायुक्त भोजन देने की मंशा से भोजन उपलब्ध करवा रही है व रसोई के संचालनकर्ता को उसका भुगतान कर रही है। किंतु सरकार की जनकल्याणकारी सोच के विपरीत अन्नपूर्णा रसोई संचालनकर्ता इसकी धज्जियां उड़ाते हुए आमजन की सेहत व स्वास्थ के साथ सड़ा व गंदा खाना खिलाकर खिलवाड़ कर रहे है और सरकार से उसकी पूरी राशि वसूल रहे हैं।

# राजस्व कार्य में लापरवाही बरतने पर फीडर इंचार्ज निलम्बित



जननायक ब्यूरो

**झालावाड़।** संभागीय मुख्य अभियन्ता (को.स.) जयपुर डिस्कॉम कोटा गजेन्द्र सिंह बैरवा ने शुक्रवार को झालावाड़ वृत के खण्ड प्रथम के समस्त अभियन्तागण की बैठक ली। बैठक में मुख्य अभियन्ता ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 के राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं राजस्व वसूली के कार्य में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उपखण्ड सहायक अभियन्ता (पवस), जयपुर डिस्कॉम, झालावाड़ शहर की बैठक के दौरान राजस्व कार्य में लापरवाही बरतने के कारण मोटर गैराज फीडर इंचार्ज सत्यनारायण को निलम्बित किया गया व समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करने के निर्देश दिये गये।

खानपुर उपखण्ड में अधिक बकाया राशि वाले दो ट्रांसफार्मर तथा मनोहरथाना क्षेत्र में दो ट्रांसफार्मर उतारकर कार्यालय में जमा करवाये गये। खानपुर उपखण्ड में एक तकनीकी कर्मचारी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण आरोप पत्र जारी किया गया। इस दौरान अधीक्षण अभियन्ता (झा.वृ), जेपीडी बिशम्भर सहाय ने उपखण्ड झालावाड़ शहर एवं खानपुर का निरीक्षण भी किया।

# पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए दौड़े धावक







जननायक संवाददाता

**अंता।** रनर्स चेरीटेबल संस्था और अंता फिटनेस क्लब के तत्वावधान में पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरुप धावकों ने दौड़ लगाई। धावक खेमजी गार्डन से हॉस्पिटल, पीड्ब्ल्यूडी तिराहा, सीएडी तिराहा, धानमंडी, शिवाजी चौक होते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल स्टेडियम के सामने पहुँचे तथा मानव श्रंखला बनाकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की तथा पुलवामा शहीदों को याद किया। इस दौरान मुकेश मीणा, रविंद्र शर्मा, भूपेंद्र राठौर, महावीर राव सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### पुलवामा हमले में शहीद जवानों को किया नमन

**किशनगंज।** तहसील क्षेत्र के रामपुरिया जागीर ग्राम में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 6 वर्ष पूर्व पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों की श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर जवानों को नमन किया। इस दौरान दीपक यादव, बुद्धिप्रकाश बैरवा के नेतृत्व में पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान ब्रजमोहन सिंह भाटी, सोहन लाल खींची, रमेश चंद, रूपेंद्र सिंह, मुकेश बंजारा, दयानंद शाक्यवाल, विक्की खींची, रवि यादव, कपिल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का हवन पूर्णाहुति के साथ विश्राम

जननायक संवाददाता

**अंता।** ग्राम पंचायत काचरी के गांव पचेल खुर्द में मंदिर श्रीजानकी रायजी महाराज पर नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का हवन पूर्णाहुति के साथ विश्राम हुआ। कथा वाचक ओम भारती उर्फ हरिओम व्यास ने मुख्य यजमान पटेल राम गोपाल मीणा के आतिथ्य में तथा यज्ञ भगवान के यजमान कृपाशंकर दाधीच ने सपत्नीक यज्ञ वेदी का पूजन कर हवन किया।

नौ दिन तक श्रीराम कथा का आयोजन सभी ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। अंत में प्रसाद वितरण कर कथावाचक पंडित ओम भारती को तिलक विदाई दी गई।

# तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन



**अंता।** राजकीय महाविद्यालय अंता में कौशल विकास केंद्र के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के हस्त शिल्प कला के प्रशिक्षण द्वारा सिखाए वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गए । प्राचार्य डॉ. फातिमा सुल्ताना ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चमड़े की चप्पल, पर्स और अन्य कसीदाकारी वस्त्र बनाए। उन्होंने प्रशिक्षण देने आए हस्त शिल्पकारों को सम्मानित भी किया। नेकीराम ने बताया कि जयपुर से आए प्रशिक्षक सज्जन ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने केवल सीखा ही नहीं बल्कि अंतिम रूप से चप्पल, पर्स आदि उत्पाद तैयार कर लिए। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार और डॉ. संजय गोयल ने किया। समापन कार्यक्रम मे बृजेश शर्मा, अभिशंसा, मनीष भार्गव, सुशील खंडेलवाल व सभी स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

# पहले काम पर करोड़ों फूंको, फिर तोड़कर नया बनाओ

## डीसीएम रोड पर पहले डिवाइडर पर कर्व लगाए, अब सीमेंट कांक्रीट की बनाई जा रही दीवार

### केडीए अभियंताओं की अदूरदर्शिता से वाहन चालक परेशान

जननायक संवाददाता

**कोटा।** केडीए के पास फण्ड की कमी बताई जा रही है। जिस कारण लोन लेना पड़ रहा है। कई स्थान ऐसे भी जहां अभियंताओं की अदूरदर्शिता के कारण 2-4 साल पहले करवाए निर्माण को ही हटा नया काम करवाया जा रहा है। इन्ही में हवाई अड्डे के सामने से डीसीएम की तरफ बनाए गए लिंक रोड का काम भी शामिल है। यहां गत कांग्रेस सरकार के शासन काल में पॉलीटेक्निक लिंक रोड का निर्माण करवाया गया था। अब डेढ़ करोड़ की राशि फिर से खर्च की जा रही है। सीएडी, धान मण्डी से विज्ञान नगर व झालावाड़ रोड से डीसीएम, धानमण्डी, मोटर मार्केट, 80 फीट लिंक रोड जाने वालों के लिए तत्कालीन यूआईटी ने यहां अतिक्रमण हटवा व निर्माण को तोड़कर इस लिंक रोड का निर्माण करवाया था। साथ ही डीसीएम रोड वर पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास एक सर्किल का निर्माण भी करवाया था। इस 500 मीटर की सड़क को पहले नया बनाया गया था। साथ ही बीच में डिवाइडर भी था। वाहनों का दबाव भी इस पर रहा, जिस कारण बनाई सड़क तो कुछ समय में ही गड्ढों में तब्दील हो गई। वाहन चालकों को परेशान होकर ही इससे गुजरना पड़ रहा था। अब केडीए बनने के बाद इसी सड़क पर फिर से डेढ़ करोड़ की राशि खर्च की जा रही है।


पहले का बना डिवाइडर, जिसे उखाड़ा जा रहा है।


तैयार करवाया जा रहा कांक्रीट का डिवाइडर।

पहले डिवाइडर पर कर्व लगाए और अब सीमेंट कांक्रीट की दीवार बनाई जा रही है। यहां पहले के डिवाइडर को उखाड़ा गया है। उसी के स्थान पर करीब 2 फीट ऊंचाई का सीमेंट कांक्रीट का स्लेब बना डिवाइडर तैयार किया जा रहा है। पहले जो नाले बनना रह गए थे, उन्हें भी बनवाया जा रहा है। साथ ही सड़क पर भी फिर से डामरीकरण करवाया जाएगा। यहां काम अप्रैल माह तक पूरा होने की बात कही जा रही है।


डीसीएम रोड की तरफ बेरिकेड्स लगा रोका लिंक रोड।

### निर्माण के चलते वाहन एक तरफा

इस लिंक रोड पर निर्माण के चलते डीसीएम रोड की तरफ से सड़क का एक हिस्सा बेरीकेड्स लगाकर बन्द किया हुआ है। वाहनों को एक तरफ से होकर निकाला जा रहा है। वाहनों की आवाजाही एक तरफा होने व सड़क के क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को परेशानी तो हो ही रही है। सड़क पर झालावाड़ रोड की तरफ जो गिट्टी फैली हुई है, उससे दुर्घटना की आशंका हर समय बनी रहती है।

### सर्किल के यहां समस्या अधिक

सर्किल पर लगे फव्वारे तो अधिकांश समय बन्द ही रहते हैं। लगाए गए पौधे भी नष्ट होते जा रहे हैं। साथ ही सर्किल के आस पास नालों के चेम्बर है, जो सड़क से काफी नीचे तो हैं हीं, कोई वाहन चालक चूक जाए तो दुर्घटना घटित होना आम है। यहां इन चैम्बरों को दुरुस्त करवाने के लिए कई बार केडीए अधिकारियों व अतिरिक्त जिला कलक्टर सिटी को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा। यहां यातायात पुलिसकर्मी भी दिन में अधिकांश समय तैनात तो रहते हैं, लेकिन उन्होने भी कभी इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया।

"पहले के काम की तो मुझे अधिक जानकारी नहीं है। हां अब नाले बनवाए जा रहे हैं, डिवाइडर को ऊंचा किया जा रहा है। साथ ही सड़क का भी नया डामरीकरण करवाया जाना है। झालावाड़ रोड की तरफ सर्किल तो नहीं, आइलेंड बनाया जा सकता है। अभी तय नहीं हुआ है।"

**सुमित चित्तोड़ा,**
अधिशासी अभियन्ता, केडीए

# घर में घुसकर प्राणघातक हमले के फरार दो आरोपी गिरफ्तार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** गुमानपुरा थाना पुलिस ने घर में घुसकर एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 28 जनवरी को एक फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह गुड्डू के मकान में किराएदार है। मकान मालिक ने उससे मकान खाली करने के लिए कहा। वह मकान खाली करने के लिए तैयार हो गई। उसने मकान मालिक को 15 हजार रुपए एडवांस राशि दे रखी थी, जिसकी उसने मांग की। इस बात को लेकर मकान मालिक ने 25 जनवरी को उसके पति के साथ बुरी तरह मारपीट की।

वह शाम को कमरे में से सामान निकाल रही थी, उसी दौरान मकान मालिका गुड्डू के दो लड़के नदीम व लक्की अपने साथ 5-6 अन्य लड़कों को लेकर आए, जिनके हाथ में सरिए, मोटरसाइकिल के शोकर, नल के पाइप एवं नदीम के हाथ में चाकू था। सभी ने गाली गलोच करते हुए उसे पकड़ लिया। उसके साथ अभद्रता की। उसने छुड़ाने का प्रयास किया, तभी उसके पति को जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसका पति घायल हो गया। चाकू के हमले में उसके भी चोटें आई।



उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया था। इस मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था। थानाधिकारी ने फरार आरोपियों छावनी निवासी नावेद उर्फ नदीम (30) व समीर खां (27) को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों सरवर खान व सोहेल खान को गिरफ्तार किया था।

# अब अरनेठा में रुकेगी हल्दीघाटी एक्सप्रेस



**कोटा।** रतलाम-आगरा फोर्ट हल्दीघाटी एक्सप्रेस (19817-18) अब कोटा-सवाईमाधोपुर रेलखंड स्थित अरनेठा स्टेशन पर भी रुकेगी। इसके ठहराव की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। रेलवे बार्ड द्वारा इसके आदेश जारी किए गए हैं। क्षेत्रवासियों की मांग पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रेल मंत्री से इसकी सिफारिश की थी। ट्रेन के ठहराव की खबर आते ही क्षेत्रवासियों ने बिरला का अभार जताते हुए खुशी जाहिर की है।

उल्लेखनीय है कि रतलाम से आते समय कोटा में इस ट्रेन का समय रोज शाम 5.10 और आगरा फोर्ट से सुबह 5.10 बजे है।

# एकलव्य विद्यालय में मनाया मातृ पितृ पूजन दिवस

### बच्चों ने माता-पिता के चरण पखार कर पूजन किया

जननायक संवाददाता

**कोटा।** शिक्षा के साथ संस्कार के उद्देश्य से एकलव्य पब्लिक स्कूल बून्दी में शुक्रवार को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। बच्चों के साथ अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे। बच्चों ने माता-पिता के चरण पखार कर पूजन भी किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं मां शारदे की वंदना से की गई। इसके बाद बच्चों ने 'ये तो सच है कि भगवान है' गीत की सामुहिक प्रस्तुति दी। साथ ही बच्चों ने अपने माता-पिता के लिए भावनाएं भी मंच के माध्यम से प्रकट की। सभी विद्यार्थियों ने बारी-बारी से आकर अपने माता-पिता के चरण धोकर उनका पूजन किया। बच्चों ने तिलक लगाकर अपना प्यार व सम्मान माता-पिता के प्रति समर्पित किया। इस दौरान बच्चों का भाव देख कई अभिभावक भावुक भी हो गए। इस दौरान अभिभावकों के लिए म्यूजिकल चेयर गेम का आयोजन भी किया, जिसमें अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया। विजेताओं को उपहार भी दिए गए।







प्राचार्या ने सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता का एक दिन नहीं, हर दिन बच्चों के नाम होना चाहिए। स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जा रहे हैं, जिससे वो पाश्चात्य व अंधानुकरण के फेर में नही पड़े।

# अवैध खनन के पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



किशनगंज।

तहसील क्षेत्र में अवैध खनन पर प्रशासन संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए पत्थरों से भरी दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त की है। किशनगंज तहसीलदार अभयराज सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर के निर्देशानुसार अवैध खनन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुये शुक्रवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए कूल नदी मायथा से अवैध खनन करते हुये दो ट्रैक्टर-टॉली मय पत्थरो के साथ जब्त की गई। इस दौरान तहसीलदार अभयराज सिंह के साथ नायब तहसीलदार रामस्वरूप पकंज एवं पुलिस चौकी रामगढ़ के एएसआई सूरजभान एवं पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

# वारदात की नीयत से पिस्टल लेकर घूमते बदमाश गिरफ्तार

जननायक संवाददाता

**कोटा।** रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने वारदात करने की नीयत से पिस्टल लेकर घूमते हुए एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शहर डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि शहर में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए पुलिस की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के दौरान गुरूवार को रेलवे कॉलोनी थानाधिकारी रामस्वरूप मीणा पुलिस जाप्ते के साथ गश्त करते हुए लॉको कॉलोनी पानी की टंकी के पास पहुंचे, जहां उन्हें मुखबीर से सूचना मिली कि एक बदमाश कोई वारदात करने की नीयत से अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। इस पर थानाधिकारी ने मौके पर पहुंच बदमाश कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के बालाजी नगर निवासी जगदीशचंद्र अग्रवाल (40) को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल व एक कारतूस बरामद किया है। आरोपी से पिस्टल की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज के सीनियर ने दो जूनियर छात्रों को पीटा

### पुलिस ने मामला दर्जकर मेडिकल करवाया

जननायक ब्यूरो

**झालावाड़।** झालावाड़ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक शर्मनाक घटना सामने आई है। कॉलेज में इंटर्नशिप कर रहे सीनियर छात्रों ने मेडिकल कॉलेज के दो छात्रों की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना उस समय की है, जब एमबीबीएस फाइनल ईयर के छात्र देशराज सिंह चौधरी, रोहित जाखड़ कोटा रोड स्थित देवनारायण ढाबे पर चाय पी रहे थे, जहां विकास बिश्नोई पहुंचा और बिना किसी कारण के उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दी। इस पर देशराज सिंह ने उसे समझाने की कोशिश की तो विकास बिश्नोई ने अपने 6 अन्य साथियों को भी बुला लिया। थोड़ी ही देर में वहां पर उज्जवल, सचिन पूनिया, शैलेश, मयंक नटवाल व शिव प्रकाश बिश्नोई पहुंचे और देशराज सिंह और रोहित जाखड़ के साथ मारपीट करने लगे। दोनों को सड़क पर बुरी तरह मारा, जिससे वह चोटिल हो गए। जैसे तैसे वह कोतवाली पहुंचे और सातों छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर देशराज सिंह, रोहित जाखर का मेडिकल करवाकर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को सूचित किया।



मेडिकल कॉलेज के जूनियर एवं सीनियर छात्रों के बीच कोटा रोड स्थित देवनारायण ढाबे पर आपस में मारपीट हो गई। जिसमें दो छात्रों देशराज सिंह व विकास बिश्नोई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर उनका मेडिकल करवा कर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक को सूचित किया है।

**रामकेश मीणा,**
सीआई, कोतवाली, झालावाड़

# कोचिंग छात्र का शव परिजनों को सौंपा

**कोटा।** जीआरपी थाना क्षेत्र में डकनिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या करने वाले कोचिंग छात्र के शव को पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

जीआरपी के पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल ने बताया कि बिहार के बक्सर निवासी हिमांशु सिंह राजपूत ने बुधवार देर रात डकनिया रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। छात्र कोटा में एक साल से रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। हादसे की सूचना स्टेशन मास्टर ने जीआरपी थाने पर दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था। पुलिस ने हादसे की सूचना परिजनों को दी। इस पर परिजन गुरुवार देर रात को मोर्चरी पहुंचे। परिजन शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाहते थे। परिजनों के लिखित में देने पर पुलिस में बिना पोस्टमार्टम करवाए शव परिजनों को सौंप दिया। छात्र के आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस बदमाशों का दूसरे दिन भी सुराग लगाने में नाकाम

# कार सवार बदमाशों का युवक पर जानलेवा हमला

जननायक संवाददाता

**कोटा।** उद्योग नगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात कार सवार बदमाशों ने बाइक सवार युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर घायल युवक को एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस युवक पर हमला करने वाले आरोपियों का दो दिन बाद भी सुराग नही लगा सकी है।

पीड़ित विज्ञान नगर निवासी संदीप पुत्र मनीराम शर्मा ने बताया कि बुधवार रात को वह बाइक पर सवार होकर डीसीएम काम करने के रुपए लेने गया था। वहां से लौटते समय रास्ते में कार में आए आधा दर्जन बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने उस पर सरियों से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। उसने भागने का प्रयास किया। बदमाशों उसे पकड़ कर उस पर हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमला करने क बाद बदमाश कार में सवार होकर भाग गए। हमले में उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया। रास्ते में घायल पड़ा देख एक ऑटो चालक ने उसे एमबीएस अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसने अपने परिजनों को वारदात की सूचना दी। इस पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। रात को युवक के दोनों पैरों में प्लास्टर बांधा गया। अस्पताल में घायल युवक के पिता मनीराम शर्मा ने बताया कि उसका बेटा लाईट डेकोरेशन का काम करता है। वह काम करने के किसी से रुपए लेने के लिए बुधवार रात को बाइक पर सवार हो डीसीएम गया था। उसके बेटे की किसी से कोई रंजिश नहीं है। वह बदमाशों को नहीं जानते हैं। थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि घायल युवक अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### अन्तरराज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई

# 28.5 किलो डोडा चूरा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार भी जब्त

मंडाना।

मंडाना पुलिस की अन्तर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई कर 28 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अल्टो कार जब्त की है। पुलिस अधीक्षक जिला कोटा ग्रामीण सुजीत शंकर ने बताया कि गुरुवार को मंडाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुये मादक पदार्थ तस्कर से 28 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा को जब्त कर घटना में प्रयुक्त अल्टो कार एवं तस्कर अर्जुन पुत्र मोहनलाल जाति बलाई निवासी भीमाखेडी थाना आधौगिक क्षेत्र जिला रतलाम मध्यप्रदेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। राजेश ढाका वृताधिकारी वृत कोटा ग्रामीण के निर्देशन में अजय कुमार शर्मा उनि थानाधिकारी थाना मण्डाना के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने गुरुवार को 28 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा व तस्करी में प्रयुक्त अल्टो कार को जब्त कर मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की।



# पानी का गेज बढ़ाने से नहर ओवरफ्लो



### नहर का रास्ता खराब, किसानों को हो रही परेशानी

जननायक संवाददाता

**कोटा/अरण्डखेड़ा।** आलनिया मध्यम सिंचाई परियोजना के टेल क्षेत्र में नहरी पानी पहुंचाने को लेकर गुरुवार को आलनिया बांध से पानी का गेज बढ़ाने से शुक्रवार को नहर का पानी ओवरफ्लो होकर गड्ढों में भरने लगा। गड्ढों से किसानों के खेतों में जाने लगा। बाद में मनरेगा श्रमिकों ने मिट्टी डालकर नहर के पानी को रोका, वहीं नहर में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाकर पानी का गेज कम करवाया।

आंलनिया मध्यम सिंचाई परियोजना की आरएमसी नहर में इन दिनों आमली टेल क्षेत्र के किसानों के खेतों में नहरी पानी पहुंचाने को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारी नहर का व्यर्थ बह रहे पानी को बन्द करवाकर टेल क्षेत्र में पहुंचाने में लगे हैं। इससे नहर आमली माइनर के समीप कच्ची होने से नहर का पानी ओवरफ्लो होकर गड्ढों में बहने लगा, जिसमें नहर पर चल रहे मनरेगा कार्य में लगे मजदूरों ने मिट्टी डालकर बन्द किया। नहर ओवरफ्लो होने से नहर पर बना रास्ता ख़राब होने से किसानों को दुपहिया वाहन ट्रेक्टर-ट्रॉली ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

स्वामी एशियन न्यूजमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक-मुद्रक जयदीप शर्मा द्वारा जननायक प्रिंटर्स प्लाट नं. F-9 (B), रोड नं. 1, इन्द्रप्रस्थ इंडस्ट्रीयल एरिया, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक- जयदीप शर्मा, फोन : 9414243142, 0744-2411101 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)